Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

सुविचार



पशुओं का संरक्षण अपना कर्त्तव्य समझ करके करना चाहिए।
We must protect animals, taking it as our duty.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

● अंक : 83 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए

## खेलों को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए राज्य सरकार करेगी हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री

**पहाड़ी कोरवा लोगों की नैसर्गिक तीरंदाजी प्रतिभा को तराशने जशपुर क्षेत्र में आर्चरी अकादमी का विस्तार करेंगे : सीएम**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सायमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। मुख्यमंत्री निवास में आज आयोजित की गई एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री श्री साय को अध्यक्ष चुना गया।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए गौरव की बात है, आप लोगों ने सर्वसम्मति से मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एसोसिएशन के अनेक आयोजनों में मुझे शामिल होने का मौका मिला। राष्ट्रीय आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अर्जुन मुंडा जी के साथ भी मुझे आयोजनों में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आर्चरी एसोसिएशन ने बड़ी कुशलता और परिश्रम से छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की प्रतिभा को तराशा जिससे हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर सहित अनेक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मैं स्वयं इस एसोसिएशन जुड़ गया हूं, सभी के सहयोग और मार्गदर्शन में आर्चरी एसोसिएशन के कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं जनजातीय बहुल जशपुर क्षेत्र से आता हूं। बचपन में हम लोग भी तीर धनुष लेकर शिकार किया करते थे। आर्चरी हम सभी लोगों का विशेष रूप से जनजातियों का पसंदीदा खेल है। जशपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा निवास करती है। ये लोग बड़े धनुर्धर होते हैं, प्राचीन काल में पहाड़ी कोरवा तीर धनुष से शिकार करते थे। आज भी उनके हर घर में तीन धनुष रहता है। श्री साय ने कहा कि इन लोगों की तीरंदाजी की नैसर्गिक प्रतिभा को तराशने के प्रयास किए जाने चाहिए। अभी प्रदेश में तीरंदाजी की तीन अकादमी हैं। जशपुर जिले में भी आर्चरी अकादमी का विस्तार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी को दो करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। खेलों के विकास के लिए जो भी आवश्यक होगा किया जाएगा। हमारे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी आर्चरी के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रौशन करें।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर वन शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वन शहीद स्मारक का किया अनावरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन पहुंचकर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वन शहीदों की स्मृति में वन शहीद स्मारक का अनावरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय सहित उपस्थित सभी ने दो मिनट मौन धारण कर वन शहीदों की शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज भावनाओं से भरा दिन है। हम उन वीर शहीदों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि वन शहीदों की शहादत हमें पर्यावरण संरक्षण की महत्ता और इसे संरक्षित करने हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राजस्व मंत्री ने अपने पिता की स्मृति में पौधा रोपा। गौरतलब है कि वन शहीदों की स्मृति में आज राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजित किया गया।

## सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारत का बड़ा दांव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ये ऐलान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को पूरी तरीके से आत्मनिर्भर बनाने और अन्य देशों को यहां आकर अपनी फैक्ट्री खोलने और निवेश के लिए प्रेरित करने के लिए सेमीकॉन इंडिया का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने बड़ा ऐलान किया है। सेमीकॉन इंडिया 2024 को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया के हर इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत में बनी चिप लगी हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सेमीकंडक्टर की मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए निवेश का आह्वान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि अगर भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन में जगह बनानी है, तो उसके लिए कॉम्पिटीटिव होना एक अहम शर्त है। पीएम मोदी ने कहा कि आज स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और एआई तक हर चीज के लिए सेमीकंडक्टर आधार है। पीएम ने कहा कि कोविड-19 जैसीवैश्विव महामारी ने सेमीकंडक्टर और उसकी सप्लाई चेन की जरूरत को सबसे सामने लाया। इस दौरान दुनिया ने सप्लाई चेन का संकट देखा, जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई। चीन ने कोविड के प्रसार को रोकने के लिए जो कदम उठाए, उससे दुनिया के उन देशों में उद्योग प्रभावित हुए जो सेमीकंडक्टर के लिए चीन से आयात पर निर्भर थे। इसलिए आने वाले समय में इससे जुड़े किसी भी व्यवधान को खत्म करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर गौर किया जाना चाहिए। आज सेमीकंडक्टर हर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन देख भाजपा बौखलाई : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन देख भाजपा बौखला गई है। इसीलिए भाजपा जम्मू-कश्मीर में उम्मीदवारों की लिस्ट बार-बार बदल रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा इंडिया गठबंधन की एकता को देखकर डर गई है। कांग्रेस अध्यक्ष जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्रीनगर में पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया। जनसभा में उमड़े विशाल जनसमूह के बीच मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में चल रहे राज्यपाल के शासन में भ्रष्टाचार हो रहा है।

## आवास एवं शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने CITIIS 2.0 के लिए बिलासपुर प्रस्ताव की समीक्षा की



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज निर्माण भवन, नई दिल्ली में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान (NIUA) के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

आज की चर्चा में CITIIS 2.0 कार्यक्रम शामिल था, जिसमें छत्तीसगढ़ का बिलासपुर शहर 18 चयनित शहरों में से एक है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिस्पर्धात्मक रूप से चुनी गई पहलों को वित्त पोषण प्रदान करना और एक परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। परियोजनाएँ मुख्य रूप से नगरपालिका स्तर पर एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन, राज्य स्तर पर जलवायु-उन्मुख सुधार गतिविधियों, राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत विकास और राष्ट्रीय स्तर पर जान प्रसार पर ध्यान केंद्रित करेंगी। इस क्रम में, मंत्रीजी द्वारा शहर के प्रस्ताव की जाँच की गई, जो बिलासपुर की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने चुने गए अठारह शहरों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की भी गहन समीक्षा की और कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए योजना और रणनीति को भी समझा। मंत्री ने एनआईयूए द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की विविधता की भी जांच की। एनआईयूए की निदेशक डॉ. देबोलिना कुंडू ने मंत्रालय को एनआईयूए की रणनीतिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया और स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) और पीएम स्वनिधि जैसे प्रमुख मिशनों में इसके योगदान पर जोर दिया।

## विवेक आचार्य ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक पद का कार्यभार ग्रहण किया





**रायपुर (विश्व परिवार)।** वर्ष 2006 बैच के भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री विवेक आचार्य जी ने आज छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

श्री विवेक आचार्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संचालक पद पर भी कार्यरत हैं।छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के उप महाप्रबंधक श्री संदीप ठाकुर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर अनुराधा दुबे ने नव नियुक्त प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य का स्वागत किया। उपमहाप्रबंधक श्री ठाकुर ने टूरिज्म बोर्ड के कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में प्रबंध संचालक श्री आचार्य को जानकारी प्रदान की। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात श्री आचार्य ने बोर्ड के अधिकारियों कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनकी शाखाओं के कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की।

## अभनपुर बना नगर पालिका, राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य शासन द्वारा रायपुर जिले के अभनपुर नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद गठित करने के संबंध में अधिसूचना विगत बुधवार को जारी कर दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत अभनपुर की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद अभनपुर की सीमाएं होंगी। प्रदेश की साय सरकार ने क्षेत्रवासियों की मांगो और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अभनपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत के तौर पर अपग्रेड कर दिया हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से इस संबंध में विधिवत अधिसूचना भी जारी कर दी गई हैं। इसी तरह के अन्य फैसले में जशपुर जिले के नगरपंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका का दर्जा दिया गया हैं। दरअसल पिछले महीने सीएम विष्णुदेव सहाय ने किलकिला की आमसभा में पत्थलगांव नगर पंचायत को अपग्रेड कर नगरपालिका का दर्जा दिए जाने की बात कही थी। सीएम के इस फैसले को शासन स्तर पर लागू कर दिया गया है। वहीं इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहु ने पुरे नगर वासियों को बधाई दी है, साथ ही उन्होंने सीएम साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया।

## 17 अक्टूबर को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जन्म दिवस समारोह में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा 17 अक्टूबर को रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किए जाने वाले भव्य राष्ट्रीय आयोजन मे सकल दिगम्बर जैन समाज ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी से मुलाकात कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम के लिए अपनी सहर्ष स्वीकार्यता दी।

मुख्यमंत्री जी ने आचार्य श्री विद्यासागर जी की स्मृति में पुरुस्कार, विद्यापीठ स्थापना एवम गौशाला के लिए जमीन देने के लिए सभी प्रस्ताव को कैबिनेट में रखने का आदेश भी अपने स्टाफ को तुरंत दिया।

इस प्रतिनिधिमंडल में सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर के अध्यक्ष श्री नरेश जैन के साथ श्री विनोद बड़जात्या, श्री प्रदीप जैन विश्व परिवार, श्री संजय बड़जात्या, श्री मनीष जैन, श्री राशु बड़जात्या, श्री सुरेन्द्र जैन, श्री स्टार जैन शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ में सीमेंट के बढ़े दामों को लेकर सियासत तेज, कांग्रेस ने ली प्रेस वार्ता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर महंगाई को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मौजूदा बीजेपी सरकार पर कांग्रेस काफी हमलावार नज़र आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है, तभी तो सीमेंट, स्टील से लेकर रेत की कीमत नियंत्रण से बाहर हो गई है। सीमेंट की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार जमकर घेरा। बता दे की बढ़ी कीमतों को लेकर आज रायपुर स्थित पुराने कांग्रेस भवन में कोंग्रेसी नेताओं द्वारा प्रेस वार्ता ली गई. इस प्रेस वार्ता में एजाज ढ़ेबर, सत्यनारयण शर्मा, प्रमोद दुबे सहित बड़े नेता शामिल हुए। इसके साथ ही प्रदेशभर में आज सीमेंट के बढे दामों को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ता ली गई। नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा..की छत्तीसगढ़ में सीमेंट तो बनता ही है लेकिन दूसरे प्रांतों में भी यहां से केमिकल भेजा जाता है जिसे सीमेंट बनता है जिसकी रॉयल्टी छत्तीसगढ़ को मिलना चाहिए लेकिन छत्तीसगढ़ को रॉयल्टी भी नहीं मिल रही है, साथ ही सीमेंट में 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है इसके अलावा सरकार ने ?50 सीमेंट में बढ़ाया हैं। सरकार को अवश्य तो बताना चाहिए कि सीमेंट के प्राइस क्यों बढ़ाई जा रहे हैं हर चीज का कोई ना कोई मापदंड होता है कुछ कारण होता है किस कारण से वृद्धि हो रही है, हम सरकार से मांग करते हैं कि इसकी मूल में जो वृद्धि हुई है उस निर्णय को वापस लिया जाए।

## रायपुर में हवाई यात्रियों को तोहफा, नवंबर में फिर शुरू होगी विशाखापत्तनम की उड़ान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के हवाई यात्री डेढ़ साल बाद एक बार फिर रायपुर से विशाखापट्टनम के लिए उड़ान भर सकेंगे। यह उड़ान नवंबर माह में शुरू होने की संभावना है. डेढ़ साल पहले तक, एयर इंडिया एकमात्र एयरलाइन थी जो रायपुर से विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें संचालित करती थी। 13 फरवरी 2023 को एयर इंडिया द्वारा रायपुर से परिचालन बंद करने के बाद यह उड़ान भी बंद कर दी गई थी। मालूम हो कि विस्तारा एयरलाइंस की उड़ानें 11 नवंबर से बंद हो रही हैं और एयर इंडिया 12 नवंबर से रायपुर से दिल्ली के बीच उड़ानें संचालित करेगी। कुछ दिनों बाद विशाखापत्तनम से कनेक्टिविटी के साथ रायपुर से मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू होने की संभावना है। ट्रैवल ऑपरेटर्स के मुताबिक, एयर इंडिया की उड़ानें शुरू होने के बाद कुछ नए शहर भी हवाई सेवा से जुड़ सकते हैं।

## रायपुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदों के साथ रेलवे महाप्रबंधक की बैठक का आयोजन

### आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा : सुश्री नीनु इटियेरा

**दुर्ग सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक, यात्री सुविधाओं तथा रेल विकास से संबन्धित कार्यों पर हुई चर्चा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा के साथ आज दिनांक 11 सितम्बर 2024 को आयोजित की गई। प्रथम तल सभागार मंडल कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहाद्रपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में श्री विजय बघेल जी, माननीय सांसद दुर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में श्री विजय बघेल जी- माननीय सांसद दुर्ग लोकसभा, श्री बृजमोहन अग्रवाल जी- माननीय सांसद रायपुर लोकसभा, श्री भोजराज नाग जी- माननीय सांसद कांकेर लोकसभा, श्री महेश कश्यप जी- माननीय सांसद बस्तर लोकसभा, श्रीमती रंजीत रंजन जी- माननीया सांसद धमतरी राज्य सभा, सहित सांसदों के प्रतिनिधि श्री शिव साहू- सांसद प्रतिनिधि (श्री तोखन साहू- राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार), सद्दाम सोलंकी- सांसद प्रतिनिधि (श्रीमती फूलो देवी नेताम), श्री सौम्य रंजन- सांसद प्रतिनिधि (श्रीमती रूप कुमारी) एवं मंडल रेल प्रबंधक रायपुर श्री संजीव कुमार, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुश्री नीनु इटियेरा ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा।

बैठक में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का परिचय, उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों से संबन्धित प्रजेंटेशन माननीय सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा प्रजेंटेशन में रायपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य, आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों की क्षमता आवर्धन, दिव्यांग जनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट, महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया। वाई-फाई, स्वच्छता प्रोजेक्ट, रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

माननीय सांसदों द्वारा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, उपलब्ध यात्री सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा अपने क्षेत्र से संबन्धित विभिन्न जन सरोकारों से संबन्धित मुद्दों के माध्यम से स्थानीय स्तर की समस्याओं तथा जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं का विस्तार करने की आवश्कताओं से अवगत कराया गया। बैठक में विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं तथा रेलवे विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई।

महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रयास के प्रति आश्वस्त किया। बैठक के अंत में उप-महाप्रबंधक (सामान्य) श्री समीर कान्त माथुर ने सुझाव देने तथा बैठक को सफल बनाने हेतु सभी सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रायपुर श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी जी के मार्गदर्शन में किया गया।

# लैब ऑन व्हील्स के द्वारा दूरस्थ ग्रामीणों की घर बैठे होगी स्वास्थ्य जांच : मंत्री लखन लाल देवांगन

## कैबिनेट मंत्री देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर लैब ऑन व्हील्स के राइडर्स को किया रवाना



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के सुदूर वनांचलों मे निवासरत ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन की पहल से लैब ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभांरभ आज छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन द्वारा किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में प्रारंभ किए गए नवाचार - लैब आन व्हील्स के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को अनेक बीमारियों की जांच की नि:शुल्क सुविधा अपने घर बैठे प्राप्त होगी। जिससे ग्रामीणों को अपनी बीमारियों की जांच के लिए दूर शहर तक नहीं जाना पड़ेगा एवं इससे उनकी धन व कीमती समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को समय रहते होने वाली बीमारियों की जानकारी मिलने से इलाज में आसानी होगी एवं व्यक्ति के बीमारियों से ग्रसित होकर गंभीर स्थिति निर्मित्त होने से बचा जा सकेगा। इस कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संग्रहित सैंपल को लैब ऑन व्हील्स राइडर्स द्वारा अपने विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जाएगा। जहां सैंपल की जांच की जाएगी एवं रिपोर्ट तैयार होने के बाद राइडर्स द्वारा रिपोर्ट को प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र तक पुन: वापस पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार कलेक्टर कोरबा के द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे है। इससे पहले डीएमएफ से स्वास्थ्य केद्रों में चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में आगे कदम बढ़ाते हुए लैब ऑन व्हील्स कार्यक्रम का प्रारंभ किया जा रहा है। इसी तरह जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु डीएमएफ की राशि से जर्जर स्वास्थय केद्रों के मरम्मत एवं नए भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रो में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों को सुविधा देने के लिए के लिए आवास का निर्माण एवं सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल का भी निर्माण किया जाएगा।

# पशु कल्याण और भविष्य में गौवंश को सुरक्षित रखने की दिशा में उठाएं कदम : श्री राम के रघुवंशी

### भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य ने ली बैठक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री राम के रघुवंशी ने आज जिले में गौशाला संचालित करने वाली समिति के सदस्यों और पशुधन चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में पशु कल्याण और भविष्य में गौवंश की सुरक्षा को लेकर आवश्यक चर्चा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा और पशुपालन समाज के लिए महत्वपूर्ण है। समाज पशुपालन को अपनाकर समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से गौवंश की रक्षा के लिए युवाओं को जोड़ते हुए समाज को जागरूक करने की दिशा में पहल करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी श्री यूबीएस चौहान सहित उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं श्री एस पी सिंह सहित अन्य अधिकारी और गौशाला संचालन करने वाले सदस्य उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री रघुवंशी ने गाय के उचित रखरखाव के लिए व्यवस्थित गौशाला निर्माण के लिए कदम उठाने कहा। उन्होंने नगर पालिक निगम और सार्वजनिक उपक्रम के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से गौशालाओं के संचालन के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। श्री रघुवंशी ने कहा कि जिले में एक अच्छे गौशाला के निर्माण की आवश्यकता है और इस दिशा में पहल की जानी चाहिए। गौशाला के लिए रिक्त भूमि का चिन्हांकन किया जाना चाहिए। उन्होंने पशुओं के लिए चराई भूमि, मनरेगा से मानव प्रबंधन, गौशाला में जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था, ग्रामीणों को जागरूक करते हुए भूषा और पैरादान को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधितो को इसमे जोड़ने के निर्देश दिए। बोर्ड के सदस्य श्री रघुवंशी ने जिले में मृत गौवंश को किसी एक स्थान पर दफनाने के लिए गौ-समाधि स्थल के निर्माण हेतु स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस सम्बंध में जिला सहित ब्लॉक स्थल पर भी गौ समाधि स्थल हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

# बुजुर्ग की लाश मिली, ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या का अनुमान

**अकलतरा(विश्व परिवार)।** नगर के पुराने रेलवे फाटक के ओवरब्रिज से थोड़ी दूरी में एक 65 से 70 वर्षीय बुजुर्ग की लाश पटरियों के किनारे मिली है जिसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि सुबह आठ बजे पुलिस को रेलवे स्टेशन अकलतरा से सूचना मिली कि ओवरब्रिज से आगे एक बुजुर्ग की लाश पड़ी है, इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश का पंचनामा कर लाश जय मां कर्मा एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भिजवाया गया। बुजुर्ग सफेद धोती कुर्ता पहने हुए है सुबह आठ बजे निकलने वाली हसदेव एक्सप्रेस से आत्महत्या किया। लेन-देन लग रहा है क्योंकि बुजुर्ग के पास एक पुरानी लिखावट में भूरे रंग का कागज मिला है जो एक रसीद है। रसीद में मई 1994 में किसी को 1000 रुपये शायद खेत के एवज ब्याज में देने की बात लिखी है। रुपये नहीं देने की स्थिति में खेत साहूकार के नाम होने की बात स्वीकार की जा रही है, इसमें दो गवाहों के हस्ताक्षर भी लिखी गयी है। इस रसीद से यह समझ नहीं आ रहा है कि यह किसी के द्वारा रकम लेकर नहीं चुकाने के कारण आत्महत्या है। दूसरी महत्वपूर्ण बात लेन-देन के तीस साल बाद आत्महत्या समझ से परे है क्योंकि रकम नहीं चुका पाने की स्थिति में साहूकार को खेत या अन्य चीज मिली होगी और कोई भी वस्तु के जब्ती के तीस साल बाद कोई आत्महत्या क्यों करेगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा में प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर कार्यशाला हुई आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय कटघोरा, कोरबा तथा कृषि विभाग व भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र में भगवान श्री बलराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर कार्यशाला आयोजित की गई। भगवान श्री बलराम की जयंती प्रतिवर्ष भाद्रपद, शुक्ल षष्ठी तिथि को आयोजित की जाती है। इस कार्यक्रम का ऑनलाईन शुभारंभ इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। जहां कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रबंध मंडल सदस्य भी उपस्थित थे। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय कटघोरा में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष श्री तारा सिंह कंवर एवं भारतीय किसान संघ कोरबा के प्रतिनिधि श्री शेष नारायण पटेल, डॉ. एस.एस. पोर्ते अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कटघोरा, डॉ. एस.के. उपाध्याय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान श्री डी.पी.एस. कंवर उप संचालक कृषि, कोरबा श्रीमती सीमा गौतम अनुविभागीय अधिकारी कृषि कोरबा एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषक एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों द्वारा प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती एवं उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती करने वाले 15 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# कोरबा में त्यौहारों के मद्देनजर बदला गया बसों का रूट, पावर हाउस रोड पर लगा प्रतिबंध




**कोरबा(विश्व परिवार)।** आगामी त्यौहारो को देखते हुए कोरबा जिले में शहर से गुजरने वाली बसों का रूट निर्धारण किया गया है। अब बस चालक पुराना बस स्टैंड से नए बस स्टैंड तक जाने पावर हाउस रोड का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा और यू.बी.एस. चौहान तथा यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी के मार्गदर्शन में यातायात एएसआई मनोज राठौर ने शहर के बस संचालकों की बैठक ली। आगामी त्यौहारों को देखते हुए उन्हें निर्देशित किया गया है कि पुराना बस स्टैंड से ओवरब्रिज होते हुए राताखार और तुलसी नगर मार्ग से बस नया बस स्टैंड की तरफजायेंगी। यह आदेश छोटे एवं बड़े सभी बसों के लिए लागू किया गया है। अगर किसी बस का पावर हाउस रोड नहर पुल मार्ग से परिचालन होता है तो बस चालक पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस विभाग के साथ बैठक में बस अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, जायसवाल, राजेंद्र सिंह, धीरू जोगी सहित यातायात विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। इस निर्णय से शहर में यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी और त्यौहारों के दौरान यातायात की समस्या से निपटा जा सकेगा। इस निर्णय के बाद शहर के नागरिकों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि त्यौहारों के दौरान यातायात की समस्या से कुछ हद तक राहत मिलेगी।

# पैसे की कमी के कारण बेटे की पढ़ाई नही होगी प्रभावित : कलेक्टर अजीत

### अवैध राखड़ डंपिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमजनो की समस्याएं



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत के समक्ष आज जनचौपाल में कुदरमाल पंचायत की रहने वाली विमला वैष्णव एवं नोनबिर्रा के मोहम्मद मुस्तफा हसन ने अपने जमीन पर हुए राखड़ डंपिंग को हटवाने एवं मुआवजा दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने आवेदको की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही करने आवेदकों के निजी जमीन से राखड़ हटाने एवं नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी को निर्देशित किया। कोरबा विकासखण्ड के कुदरमाल की रहने वाली विमला वैष्णव अपनी समस्या की समाधान हेतु कलेक्टर जनचौपाल में पहुँची। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे उनके खेत में अवैध रुप से विभाग द्वारा राखड़ डंप किया गया है। जिससे उनकी खेती प्रभावित हुई है। इसी प्रकार नोनबिर्रा निवासी मोहम्मद मुस्तफा हसन ने भी अपने निजी जमीन पर हुए राखड़ डंपिंग के संबंध में शिकायत कर राखड़ हटवाने का आग्रह किया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी को तत्काल आवेदकों की निजी भूमि से राखड़ को हटवाने एवं हुए नुकसान का आकलन कर क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही आगे भविष्य में किसी की निजी जमीन पर राखड़ डंप ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित हुए कलेक्टर जनचौपाल में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रो से आए आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को शासन के नियमानुसार निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनचौपाल में भिलाईबाजार के रहने वाले श्री मोहन लाल पाटले द्वारा अपने बेटे की उच्च शिक्षा में सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। मोहन लाल ने बताया कि उनका बेटा मनोज कुमार पाटले का चयन कर्नाटक राज्य के एनआईटी सुरतकल में एमटेक सिविल स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग में हुआ है। जहां वह प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनका परिवार अनुसूचित जाति वर्ग से आता है एवं आर्थिक रूप से कमजोर है, खेती मजदूरी कर के अपना जीवन यापन करते है। ऐसे में बेटे की उच्च शिक्षा के लिए संस्थान में प्रवेश तो हो गया परन्तु शैक्षणिक व अन्य खर्चो के वहन में समस्या आ रही है। कलेक्टर ने आवेदक मोहन लाल से कहा कि पैसे की कमी के कारण उनके बेटे की पढ़ाई बिल्कुल प्रभावित नही होगी। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग को आवेदन का परीक्षण कर मनोज को राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति प्रदान करवाने की बात कही। साथ ही और राशि की आवश्यकता होने पर जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान करने की बात कही। तुमान की रहने वाली स्वास्तिका दिवाकर ने अपने लंबित मानदेय के भुगतान के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान में जनवरी 2024 से अतिथि शिक्षक के रूप में 4 माह से सेवाएं दी गई है, वर्तमान में भी कार्यरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी कोरबा में गणेश उत्सव की शुरुआत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर एनटीपीसी कोरबा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। गणेश चतुर्थी के पर्व की शुरुआत धूमधाम से की गई, जिसमें गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री राजीव खन्ना थे, जिन्होंने पौराणिक मान्यता और धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की। समारोह की शुरुआत के बाद, शाम को भव्य आरती और पूजा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बाल भवन द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुति भी दी गई, जिसने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष गणेशोत्सव 07 सितंबर 2024 से 09 सितंबर 2024 तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन में महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण और उनके परिवारजन शामिल हुए, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की कृपा का आनंद लिया। यह त्योहार गणेश जी को नये आरंभों के देवता, विघ्नों को दूर करने वाले देवता, और बुद्धि और ज्ञान के देवता के रूप में मनाता है। एनटीपीसी कोरबा की ओर से हम सभी को इस उल्लासपूर्ण अवसर पर आमंत्रित करते हैं और आशा करते हैं कि इस गणेश चतुर्थी के दौरान सभी के जीवन में खुशियों और समृद्धि की भरपूर वर्षा हो।

### पहाड़ी के ऊपर जुआ खेल रहे आठ लोग गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है, उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का एवं नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र मीणा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उरगा प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गिधौरी पहरीपारा जंगल में जुआ खेलने वालों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ था कि गिधौरी पहरीपारा जंगल में कुछ लोग रुपये पैसों का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश जुआ खेल रहे हैं, उक्त सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित कर गिधौरी पहरीपारा जंगल में पहाड़ी के ऊपर जुआ फड़ में रेड की कार्यवाही की गई, पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पुलिस टीम द्वारा 8 जुआरियों को पकड़ने में सफलता मिली है। जुआ फड़ से नगदी रक़म 62500.00 एवं 8 नग मोबाइल जुमला क़ीमती 150000.00 (एक लाख पचास हज़ार रू) को बरामद कर जप्त किया गया है। अन्य जुआरी जो पुलिस टीम को देखकर भागे है, उनका पता तलाश किया जा रहा है। उरगा पुलिस की असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में प्रआर अजय पांडेय, आर झंगल मँझवार, श्याम एक्का और नितेश तिवारी, नरेश टनडेल, राजकुमार साहू का विशेष योगदान रहा।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार को दोपहर बाद एकाएक मौसम बदला। तेज गर्जना के साथ करीब आधे घण्टे तक मूसलाधार बारिश हुई। इसी दरम्यान दो अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जिले की हरदी बाजार पुलिस थाना में महुआडीह गांव में हुई। 15 वर्षीय हरीश बिंझवार गांव के पास मैदान में मवेशी चराने गया हुआ था। तभी बारिश शुरू हो गई और तेज गर्जना के साथ बिजली चमकने लगी। आसमान से बिजली की एक रेखा तेजी से जमीन की ओर आई और उसकी चपेट में आकर हरीश बिंझवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आसपास खेत में काम कर लोगों की नजर उस पर पड़ी तब मृतक के परिजनों घटना की सूचना दी गई और वे घटना स्थल पर पहुंचे। दूसरी घटना रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई है। रायगढ़ जिले के छितकापानी का मूल निवासी जगतसिंह उरांव लंबे समय से घर से बाहर था। वह रजगामार के शनि मंदिर में पुजारी का काम कर रहा था। जगतसिंह उरांव को घर से निकले 14 साल हो गए थे। वह सन्यासी बन गए थे। कुछ साल तक वह पहाड़ में तपस्या करते रहे। उसके बाद रजगामार के मंदिर में पूजा पाठ करने लगे थे। जगतसिंह उरांव उस वक्त मन्दिर परिसर में साफसफाई कर रहे थे, जब आकाशीय बिजली गिरी और उसकी जद में आकर वह बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू बी एस चौहान ने बताया की दोनों घटनाओं की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा के बाद दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए गए हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर गुरुवार 12 सितंबर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# संपादकीय

## सिद्धांत का उल्लंघन

क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कथित बुल्डोजर न्याय के बारे जो बातें कही हैं, वो उन समाजों में सामान्य और खुद जाहिर रहती हैं, जो कानून के राज के सिद्धांत से चलते हैं। यह सिद्धांत भारतीय संविधान का भी आधारभूत तत्व है। ऐसे में यह लाजिम होना चाहिए कि इस सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला कोई अधिनियम या व्यवहार भारत में स्वीकार्य ना हो। मगर आज सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ रहा है कि अभियुक्तों या सजायाफ्ता व्यक्तियों के परिजनों को आवास से वंचित किया जाए, कानून इसकी इजाजत नहीं देता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पूछा-सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति अभियुक्त है, उसके घर को कैसे तोड़ा जा सकता है?.. क्या ऐसा उस हाल में भी किया जा सकता है, अगर उसे सजा हो गई हो? बहरहाल, देश की सर्वोच्च अदालत से अपेक्षा यह नहीं होती कि वह प्रश्न पूछने तक सीमित रहे। उससे अपेक्षा होती है कि वह कानून तोडऩे या उसे अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करे। कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण के मामले में भी किसी मकान को तोडऩे से पहले उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। संबंधित संपत्ति के मालिक को पहले नोटिस जारी होना चाहिए, उसे सफाई देने का मौका मिलना चाहिए और कानून की शरण लेने के लिए उसे उचित वक्त मिलना चाहिए। कोर्ट ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की इच्छा जताई है। इस रूप में अदालत ने संवैधानिक भावना को व्यक्त किया है। मगर जिस दौर में कथित बुल्डोजर न्याय प्रचलित हुआ है, उसमें आम शिकायत है कि कानून की भावना के खिलाफ खुद सरकारें और उनके अधिकारी काम कर रहे हैं। ऐसे में न्यायपालिका की इस भावना का कितना पालन होगा, इसको लेकर संशय बने रहने का पर्याप्त आधार है। क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? क्या वह अपने प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा।

# विकिरण प्रौद्योगिकी से भारत की खाद्य सुरक्षा में बदलाव

चिराग पासवान/ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री



भोजन का महत्व बुनियादी जीविका से कहीं बढ़कर है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गतिशीलता को प्रतिबिम्बित करते हुए हमारे त्योहारों, सामाजिक समारोहों और अनुष्ठानों में प्रमुख भूमिका निभाता है। आर्थिक रूप से, खाद्य उद्योग विकास को गति देता है, रोजगार के अवसरों का सृजन करता है तथा ग्रामीण एवं कृषि संबंधी विकास को बढ़ावा देता है। यह घरेलू खपत और निर्यात दोनों के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में भारत जैसे-जैसे विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है, खाद्य सुरक्षा और संरक्षा को आगे बढ़ाना अत?यंत महत्वपूर्ण है। इसमें उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले भोजन का संदूषित पदार्थों से सुरक्षित होना तथा भोजन की हानि एवं बर्बादी को कम से कम किया जाना सुनिश्चित करना शामिल है, ताकि सभी को पर्याप्त, पौष्टिक भोजन की उपलब्धता की गांरटी मिल सके।

खाद्य सुरक्षा और निरंतरता बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थों, खासकर फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले पदार्थों की हानि और बर्बादी को कम करना बहुत जरूरी है। इससे हमारे किसानों के लिए लाभकारी दाम सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है।

इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों काव्यापार बढ़ता है, प्रभावी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और भी महत?वपूर्ण होता जाता है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आयात होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े खाद्य सुरक्षा नियम और कार्यप्रणालियां हैं। खाद्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम, उपभोक्ता विश्वास में कमी और खाद्य आपूर्ति और मूल्य स्थिरता में व्यवधान जैसे गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए, न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, बल्कि आर्थिक विकास में सहयोग करने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा बाजार तक पहुंच बनाए रखने के लिए भी खाद्य सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है।

खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा की समस?याओं से निपटने और अपने सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र में 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए धनराशि आवंटित की गई है। यह खाद्य सुरक्षा और संरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है क्योंकि खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी कृषि खाद्य उत्पादों की शेल्फलाइफऔर सुरक्षा में इजाफा करती है, जिससे उनका उपभोक्ताओं तक उपयुक्त स्थिति में पहुंचना तथा उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य हानि का कम होना सुनिश्चित होता है।

खाद्य विकिरण में खाद्य पदार्थों को, चाहे वे पैक किए गए हों या बल्क में, सावधानीपूर्वक नियंत्रित वातावरण में आयनकारी विकिरण के संपर्क में लाना शामिल है। यह पद्धति हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट करके खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को प्रभावी ढंग से कम करती है। यह समय से पहले पकने, फुटाव या अकुरण में देरी करके खाद्य हानि को कम करते हुए क्षय की प्रक्रिया को धीमा करके और उसमें खराबी उत?पन?न करने वाले जीवों को नष्ट करके खाद्य पदार्थों को खराब होने से भी बचाती है। यह खाद्य उत्पादों की शेल्फलाइफबढ़ाने में रासायनिक परिरक्षकों की आवश्यकता को भी कम करती है, जिससे अधिक टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में योगदान मिलता है। विकिरण प्रसंस्करण में आमतौर पर अपेक्षित प्रभाव प्राप्त करने के लिए केवल एक एक्सपोज़र ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है, जो प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, खाद्य सुरक्षा पद्धतियों को सरल बनाता है, और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में लागत में कमी लाने में योगदान देता है।

हालांकि खाद्य संरक्षण के लिए विकिरण के उपयोग की अवधारणा कोई नई नहीं है- सदियों से संरक्षण के लिए फल, सब्जियां, वनस्पति, मांस, मछली आदि को धूप में सुखाने जैसे पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता रहा है- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के अंतर्गत कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग द्वारा वैश्विक मानक स्थापित किए जाने पर खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी के प्रति आधुनिक दिलचस?पी बढ़ी।

खाना पकाने की तरह ही खाद्य विकिरण भी सभी पहलुओं में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। इसे खासकर अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे उन्नत खाद्य सुरक्षा मानकों वाले देशों में व्यापक रूप से अपनाया गया है, जहां इसका घरेलू और निर्यात दोनों ही तरह के बाजारों में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इसके प्रभाव का उल्लेखनीय उदाहरण 2012 का समझौता है, जिसने 20 साल के प्रतिबंध के बाद भारतीय आमों को अमेरिका को निर्यात करने की अनुमति दी। यह सफलता भारत द्वारा कीटों के खतरे को खत्म या काफी हद तक कम करने के लिए निर्यात से पहले अपने आमों को विकिरणित करने पर सहमत होने, फलस?वरूप अमेरिका की घरेलू कृषि की रक्षा होने से हासिल हुई।

भारत ने भी समूचे देश में 34 विकिरण प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इनमें से 16 सुविधाओं को एमओएफपीआई की सहायता प्राप्त होने सहित इस बुनियादी ढांचे को विकसित करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि यह प्रगति सराहनीय है, लेकिन सुविधाओं की संख्या और वितरण का विस्तार करने से हमारे जीवंत कृषि खाद्य बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने की हमारी क्षमता में और वृद्धि होगी।

हालांकि, खाद्य विकिरण सुविधाओं की व्यापक कमीशनिंग उच्च पूंजीगत लागतों से अवरुद्ध है। 1एमसीआई कोबाल्ट 60 सोर्स युक?त एक विकिरण सुविधा स्थापित करने के लिए भूमि और अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की लागतों के बिना लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इसकी कमीशनिंग प्रक्रिया में प्रस्ताव की जांच, अनुमोदन, साइट क्लीयरेंस, संयंत्र का निर्माण, स्रोत स्थापना, सुरक्षा आकलन और मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण, कमीशनिंग और विकिरण स्रोतों के सामयिक प्रतिस्थापन सहित निरंतर रखरखाव जैसे कई महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड जैसे प्रमुख संगठन इस प्रक्रिया का निरीक्षण करते हैं।

इन सुविधाओं से संबंधित शुरुआती उच्च पूंजीगत लागतों के बावजूद, यहां निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के बाजारों में सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाले खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग निवेश के लाभप्रद अवसर प्रस्तुत करती है। खाद्य सुरक्षा संवर्धित करने और शेल्फ लाइफबढ़ाने की क्षमता खाद्य विकिरण सुविधाओं को खाद्य अपशिष्ट में कमी लाने और कड़े निर्यात मानकों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण बनाती है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 535 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, विकिरण सुविधाएं निवेश के आशाजनक अवसर प्रस?तुत करती हैं।

खाद्य की बर्बादी में कमी लाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। अनुदान या सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाने वाली यह सहायता फलों और सब्जियों सहित जल्दी खराब होने वाले उत्पादों को बचाने और उनकी स्वच्छता एवं शेल्फलाइफबढ़ाने के लिए प्रदान की जाती है। केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषणा के बाद, एमओएफपीआई ने एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (कोल्ड चेन योजना) के तहत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की हैं।

खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और जल्दी खराब होने वाले उत्पादों की शेल्फलाइफबढ़ाने में खाद्य विकिरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारतीय खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और कृषि खाद्य निर्यात क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए हमारे बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की सख्त जरूरत है। हम निवेशकों और उद्यमियों से आग्रह करते हैं कि वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उपयोग करके अतिरिक्त विकिरण सुविधाएं स्थापित करने के इस अवसर का लाभ उठाएं। विकिरण सुविधाओं में निवेश करने से खाद्य सुरक्षा बढ़ेगी, बर्बादी में कमी आएगी और समूचे भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा, साथ ही हमारे किसानों के लिए बेहतर दाम भी सुनिश्चित होंगे। भारत के खाद्य उद्योग में पूरी तरह बदलाव लाने के लिए हमारे साथ जुड़िए- आपका निवेश टिकाऊ कृषि के भविष्य को गति देगा और उन्नतिशील अर्थव्यवस्था में योगदान देगा।

## आलेख

जैन दस लक्षण धर्म विशेष

# उत्तम सत्य-सत्याचरण ही भगवान की पूजा...

विजय कुमार जैन

सत्य का शब्दों मे वर्णन नहीं किया जा सकता। सत्य चित्त के अन्वेषण और अनुभूति का विषय है। सत्य को परमेश्वर कहा है। सत्य ही भगवान है। हम सत्य का अनुभव कर सकते हैं, उसका साक्षात्कार नहीं कर सकते हैं। सत्य को उपलब्ध किया जा सकता है, किन्तु उसका वर्णन नहीं कर सकते। सत्य अकथ्य है, अलभ्य नहीं। अकथ्य है, किन्तु संवेदनगम्य है। सत्य की उपलब्धि ही परमात्मा की उपलब्धि है। सत्य की प्राप्ति के लिए हमें कहीं बाहर भटकने की जरूरत नहीं है। सत्य हमारे भीतर है। एक बार झाँककर देखने की कोशिश करें, तो सत्य उपलब्ध हो जायेगा। महात्मा गाँधी से एक विदेशी महिला ने प्रश्न किया कि सत्य को कहाँ पा सकते हैं? गाँधी जी ने उत्तर दिया सत्य को स्वयं के हृदय में ही पा सकते हैं, अन्यत्र नहीं। भारतीय परम्परा में सत्य को नारायण कहा गया है। जैन धर्म में कहा गया है - ''सच्चंखु भयवं'' सत्य ही भगवान है। सत्य रूपी भगवान की उपलब्धि के लिए सत्याचरण अनिवार्य है। अंग्रेजी विचारक इमर्सन ने ठीक लिखा है - ''सत्य का सबसे बड़ा अभिनंदन जिसे हम कर सकते हैं, वह है सत्य का सर्वतोमुखी आचरण'' सत्याचरण वही कर सकता है जिसके हृदय में परमात्म स्वरूप प्रतिष्ठित रहता है। सत्याचरणी व्यक्ति मन, वाणी और व्यवहार तीनों में सत्य को उतारता है। सत्याचरण को हमें तीन स्तर पर समझना चाहिए - भावना, वाणी और व्यवहार। सत्य भावना, सत्य वाणी और सत्य व्यवहार की त्रिकुटी ही सत्याचरण है। प्रख्यात विचारक इमर्सन ने लिखा है - सत्य का प्रत्येक उल्लंघन मानव समाज के स्वास्थ्य में छुरी भौंकने जैसा है। सत्य का जीवन के साथ वैसा ही संबंध है जैसा कि नदी के साथ उसके जल का। नदी की शोभा और सार्थकता उसमें प्रवाहित हो रहे जल से होती है।



आज का आदमी सुविधाभोगी हो गया है। वह क्षणिक सुविधा और धन की लिप्सा में सत्य आचरण से विमुख हो जाता है। उसका जीवन अनैतिक होता जा रहा है। अनैतिकता के बढ़ते प्रभाव के कारण आज मनुष्य की मान्यताऐं बदल गयी हैं। सामाजिक मूल्य बदल गये हैं। भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बनता जा रहा है। जिस रिश्वत और घूंसखोरी को पाप समझा जाता था। वह अब सुविधा शुल्क कहलाने लगी है। संत कहते हैं अनैतिकता और असत्य से बचकर कर्म क्षेत्र में सच्चाई से काम करना चाहिए। सत्य का आराधक देश, काल और परिस्थितियों का मोहताज नहीं होता। सत्य के पालन के लिये परिस्थितियाँ बाधक नहीं होती। मनुष्य के मन में निष्ठा हो तो संसार का कोई भी काम असंभव नहीं है। राजा हरिशचन्द्र सत्य की प्रतिमूर्ति थे। उनका नाम ही सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र हो गया था। महर्षि विश्वामित्र ने उनकी सत्य निष्ठा की कठोर परीक्षा ली। राजा को राजपाट छोड़ना पड़ा, पत्नी व पुत्र और स्वयं को बेचकर दासत्व की पीड़ा सहनी पड़ी। चाण्डाल का कार्य करना पड़ा। इतनी सब विपदाओं, कष्टों के आने पर भी वे सत्य पर अडिग रहे। इतने संकटों के बाद भी सत्य से विचलित नहीं हुए। विश्वामित्र ने भी स्वीकार किया राजा हरिशचन्द्र की सत्य निष्ठा अगाध है इसलिये कहा - ''सत्यमेव जयते नानृतं'' सत्य की सदैव विजय होती है। जीवन का शाश्वत सुख प्राप्त करना है, तो मन, वचन, काय से सत्य आचरण को अपने जीवन में प्रतिष्ठित करना चाहिये।

नोट :-लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है।

# अब बिना एजेंडे के समय काटने की है

हरिशंकर व्यास

यों कहने को अभी नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में कहा है कि वे भारत में कई सिंगापुर बनाएंगे। लेकिन यह जुमला है एजेंडा नहीं। वैसे ही जैसे दस वर्ष पहले मोदी ने स्मार्ट सिटी का जुमला दिया था। जरा भारत के बाढग्रस्त महानगरों, शहरों पर गौर करें, खरबों रुपए की स्मार्ट सिटी की ठेकेदारी के बावजूद कथित स्मार्ट सिटियां पानी में डूबी दिखेंगी। इसलिए मोदी राज के एजेंडे में विचारना यह है कि अबकी बार 400 पार, हिंदू राष्ट्र की घोषणा, गौहत्यामुक्त भारत या बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने, पीओके आजाद कराने, सीमा पार से आंतकियों को रोकने, भारतीय क्षेत्र से चीनी सेना को खदेडऩे, सयुंक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता जैसी प्राथमिकताओं में सरकार का एजेंडा बना दिखना चाहिए। क्या ऐसा कोई भी एक संकल्प मोदी, शाह का है?

आप ही सोचें, इन दिनों नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ किस एजेंडे में लगे दिख रहे हैं? एक ही जवाब है राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, इंडिया एलायंस के एजेंडे को सुनना और उस पर रिएक्ट होना। इस सप्ताह आरएसएस की बैठक थी। उसके बाद वहीं बातें हुए जो तात्कालिक राजनीति की चुनौती है। जैसे जाति जनगणना। वही सरकार इस सप्ताह नई बोतल में पुरानी पेंशन ले आई है। मतलब तेजस्वी, नीतीश की जात राजनीति के एजेंडे पर आरएसएस की मोहर तो कांग्रेस के सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के चुनावी वादे पर मोदी कैबिनेट का अमल करना।

मोदी सरकार 3.0 के अभी सौ दिन नहीं हुए हैं। लेकिन जितने दिन गुजरे हैं, उनमें संसद में राष्टपति के भाषण, बजट भाषण, पंद्रह अगस्त पर लाल किले के भाषण और तमाम सरकारी फैसलों को याद करें, सभी में विपक्षी एजेंडे पर प्रतिक्रिया मिलेगी। प्रधानमंत्री के भाषण पर भाजपा, संघ बम बम हो कर आक्रामक नहीं होते हैं, बल्कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश, उद्धव ठाकरे के कहे पर भाजपा रक्षात्मक या प्रतिक्रिया देते हुए है। महाराष्ट्र में विपक्ष ने शिवाजी की मूर्ति के गिरने की घटना को मुद्दा बनाया तो नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी लेकिन एकनाथ शिंदे के चेहरे के कारण विपक्ष जस का तस आक्रामक है जबकि मोदी, शाह न शिंदे को हटा सकते हैं और न अजित पवार पर फैसला ले सकते हैं।

तभी राजनीतिक नैरेटिव भी विपक्ष केंद्रित है। जम्मू कश्मीर के उम्मीदवारों की लिस्ट हो या हरियाणा के उम्मीदवारों की सूची, दोनों से भाजपा की बदनामी हुई और पार्टी के पास जवाब में कुछ नहीं था। एक वक्त था जब कांग्रेस या विरोधी क्षत्रप के यहां भगदड़ होती थी लेकिन अब उलटा है। भाजपा को नेता छोड़ रहे हैं। भाजपा की परिवारवाद के कारण बदनामी है तो चम्पई सोरेन जैसी तोडफ़ोड़ टांय टांय फिस्स हैं। ममता बनर्जी के हवाले हाल में बंगाल पर फोकस बनाए रखने के बावजूद ऐसी कोई वाह नहीं बनी, जिससे आगामी चुनावी दंगल में भाजपा का कोई ग्राफ बने।

दरअसल मोदी, अमित शाह को अब कोई वैचारिक, राजनीतिक, आर्थिक, हिंदुवादी एजेंडा बूझ नहीं रहा है क्योंकि हर मामले में विश्वसनीय पैंदे पर पहुंची हुई है। उस नाते अब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा और योगी आदित्यनाथ जरूर हल्ला बना रहे हैं लेकिन हिमंता नमाज के समय में कटौती जैसी बातों का हल्ला बनाते हैं तो उधर नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा के दौरान मस्जिद में घूमते दिखलाई देते हैं।

जाहिर है नरेंद्र मोदी का नंबर एक संकट है कि करें तो क्या करें? उनके पास ले दे कर विदेश में फोटोशूट करा कर भक्तों में अपने को विश्व गुरू बनाए रखने का अकेला विकल्प है। भगवान होने या कि अजैविक देवदूत होने की मार्केटिंग अब संभव नहीं है। पहले नरेंद्र मोदी का चेहरा ही एजेंडा था। अब वह स्थिति नहीं है। तभी उनका हर भाषण पीट रहा है। बोरियत पैदा कर रहा है। आया-गया हो जा रहा है। तब कैसे तो राम मंदिर जैसा एजेंडा बने और कैसे घर में घुस कर मारने या भ्रष्टाचार की बातों से विपक्ष को ईडी-सीबीआई से जेल में डालने की कसमें खाते रहें।

मोदी सरकार 3.0 के अभी सौ दिन नहीं हुए हैं। लेकिन जितने दिन गुजरे हैं, उनमें संसद में राष्टपति के भाषण, बजट भाषण, पंद्रह अगस्त पर लाल किले के भाषण और तमाम सरकारी फैसलों को याद करें, सभी में विपक्षी एजेंडे पर प्रतिक्रिया मिलेगी। प्रधानमंत्री के भाषण पर भाजपा, संघ बम बम हो कर आक्रामक नहीं होते हैं, बल्कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश, उद्धव ठाकरे के कहे पर भाजपा रक्षात्मक या प्रतिक्रिया देते हुए है। महाराष्ट्र में विपक्ष ने शिवाजी की मूर्ति के गिरने की घटना को मुद्दा बनाया तो नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी लेकिन एकनाथ शिंदे के चेहरे के कारण विपक्ष जस का तस आक्रामक है जबकि मोदी, शाह न शिंदे को हटा सकते हैं और न अजित पवार पर फैसला ले सकते हैं।

हां, प्रधानमंत्री पद के नाते अधिकारिक कामों, विदेश यात्राओं के फोटो आदि सब ठीक हैं लेकिन इनसे एजेंडा नहीं बनता। ऐसा कोई विजन संभव नहीं है कि आसियान देशों के साथ फ्री ट्रेड पर भारत काम कर रहा है। सार्क कामयाब नहीं है तो आसियान या उसके भीतर भारत नया व्यापारिक, सामरिक गठजोड़ बनाए। इसलिए भारत की नियति अब बिना एजेंडे के समय काटने की है और मोदी सरकार को समय काटते रहना है।

# वाणी का करें सदुपयोग,अप्रिय,कटुक,कठोर,शब्द नहीं बोलें

उत्तम सत्य धर्म : हित-मित-प्रिय बोलें

-डॉ. सुनील जैन



आज उत्तम सत्य धर्म का दिन है। जहाँ क्षमा , मार्दव , आर्जव , शौच आत्मा का स्वभाव है , वहीं सत्य- संयम- तप त्याग इन गुणों को प्रगट करने के उपाय हैं , या कहें कि ये वो साधन हैं जिनसे हम आत्मिक गुणों की अनुभूति और प्रकट कर सकते हैं।

जैसा देखा या सुना हो, उसे वैसा नहीं कहना बताना ही झूठ है। जिन वचनों से किसी धर्मात्मा या निर्दोष प्राणी का घात हो, ऐसे सत्य वचन बोलना भी झूठ कि श्रेणी में आता है।छल-कपट, राग-द्वेष रहित वचन बोलना, सर्व हितकारी, प्रामाणिक, मितकारी, कोमल वचन बोलना , प्राणियों को दु:ख पहुचाने वाले वचन न कहना उत्तम सत्य धर्म है।

जहाँ बोलने से धर्म की रक्षा होती हो, प्राणियों का उपकार होता हो, वहां बिना पूछे ही बोलना और जहाँ आपका व अन्य का हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित कहा है।

नीतिकारों ने कहा है कि सत्य गले का आभूषण है, सत्य से वाणी पवित्र होती है। सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक आदि के कारण ही झूठ बोला जाता है। जहाँ न झूठ बोला जाता है, न ही झूठा व्यवहार किया जाता है वही लोकहित का साधक सत्यधर्म होता है।अप्रिय, कटुक, कठोर, शब्द नहीं बोलें।साबुन से वस्त्र स्वच्छ होता है। वैसे ही वाणी सत्य से निर्मल होती है। सत्य पर सारे तप निर्भर करते हैं। जिन्होंने सत्य का पालन किया, वे इस संसार से पार हो गए, मुक्त हो गए। सत्य ही संसार में श्रेष्ठ है।




हित-मित-प्रिय बोलें : सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक आदि के कारण ही झूठ बोला जाता है। जहाँ न झूठ बोला जाता है, न ही झूठा व्यवहार किया जाता है वही लोकहित का साधक सत्यधर्म होता है। हमें कठोर, कर्कश, मर्मभेदी वचनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए । जब भी बोलें हित- मित- प्रिय वचनों का प्रयोग अपने व्यवहार में लाना चाहिए तथा कहा भी गया है- ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय।। कठोर वचन सत्य की श्रेणी में नहीं आते।

सत्यवादी की जग में सदा ही विजय होती है। इसीलिए कहा है 'सत्यमेव जयते'। अत: हमें अपने जीवन में सदा सत्य का पालन करना चाहिए । व्यवहार में वाणी के सदुपयोग को सत्य कहते हैं।दुर्लभ वाणी का सदुपयोग करने वाला ही धर्मात्मा कहला सकता है। हित—मित और प्रिय वचन बोलना ही वाणी का सदुपयोग है। कटु, कर्वश एंव निन्दापरक वचन बाण की तरह होते हैं, जो सुनने वाले के हृदय में घाव कर देते हैं ।

व्यवहार में वाणी के सदुपयोग को सत्य कहते हैं।दुर्लभ वाणी का सदुपयोग करने वाला ही धर्मात्मा कहला सकता है। हित—मित और प्रिय वचन बोलना ही वाणी का सदुपयोग है। कटु, कर्वश एंव निन्दापरक वचन बाण की तरह होते हैं, जो सुनने वाले के हृदय में घाव कर देते हैं ।

अनगार धर्मामृत के अनुसार —

जो वचन प्रशस्त , कल्याणकारक , तथा सुनने वाले को आह्लाद उत्पन्न करने वाले , उपकारी हों ऐसे वचनों को ही सत्यव्रतियों ने सत्य कहा है। किन्तु उस सत्य को सत्य न समझना जो अप्रिय और अहितकर हो।

बोलने से पहले विचार अवश्य करना चाहिये , यदि वसु राजा झूठ बोलने से पहले एक बार विचार करता तो आज वह जीव नरक में नहीं होता। लोक में कहावत चलती है —

ऊँचे सिंहासन बैठि वसु नृप ,
धरम का भूपति भया।
वच झूठ सेती नरक पहुँचा ,
सुरग में नारद गया।।

बोलना एक सुंदर कला है परन्तु मौन रहना उससे भी श्रेष्ठ।

असत्यवादी लोग अपने गुरु, मित्र और बंधुओं के साथ भी विश्वासघात करके दुर्गति में चले जाते हैं। किन्तु सत्य बोलने वाले लोगों को वचन सिद्धि हो जाया करती है। क्रमश: सत्य के प्रभाव से वे दिव्यध्वनि के स्वामी होकर असंख्य प्राणियों को धर्म का उपदेश देकर मोक्ष मार्ग का प्रणयन करते हैं। इसलिए हमेशा सत्य धर्म का आदर करना चाहिये।

# धन वैभव की प्रचुरता लोभ की पहचान नहीं, धन की आसक्ति लोभ की पहचान है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** धन वैभव की प्रचुरता लोभ की पहचान नहीं, धन की आसक्ति लोभ की पहचान है। उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज केपरम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म पर मोहता भवन रैसकोर्स रोड़ पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धन विपुलता या धन की प्रचुरता लोभ की पहचान नहीं धन की आसक्ति लोभ का प्रतीक है उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि आपके सामने अशोक पाटनी बैठे है, देख लीजिये धन वैभव के साथ यदि व्यक्ति उदार हृदय है तो उसकी धन के प्रति आसक्ति नहीं रहती वंही दूसरी ओर चमड़ी जाऐ पर दमड़ी न जाऐ वाला ब्यक्ति लोभी कहलाता है।उन्होंने कहा कि पैसा को अपने ऊपर हांवी न होंने दें, पैसा के ऊपर हांवी रहें धनाढ्य व्यक्ति की यही पहचान है।जिसको अपने पैसा का अभिमान होता





है उसे पैसा की आसक्ति भी होती है और जिसको आसक्ती होती है उसकी एक पाई भी इधर से उधर खर्च नहीं होती उनके हृदय में कभी शौच धर्म नहीं पल सकता और शुचिता के अभाव में कभी पवित्रता भी नहीं आ सकती मुनि श्री ने कहा कि ऐसे लोग अपनी दुर्वलताओं से कभी मुक्त नहीं हो पाते।

मुनि श्री ने कहा कि जीवन के लिये पैसा है पैसा के लिये जीवन नहींउन्होंने कहा कि जितना है उसी का सद व्यय करो, मन का कटोरा और इच्छाओं की पूर्ति कभी होती नहीं तृष्णा की खाई खूब भरी पर भर न सकी इच्छा ज्वाला इच्छा आकाश के समान अनंत होती है दूर क्षितिज की ओर जब दृष्टि जाती है तो ऐसा लगता है कि दो चार किलोमीटर और जाऐंगे तो धरती आसमान एक मिलेगा लेकिन जैसे जैसे आगे बड़ते है कि क्षितिज और दूर होता चला जाता है। इसी प्रकार हमारी धन के प्रति आसक्ति है वह धन को जितना जितना कमाता है उसके मन का असंतोष बड़ता जाता है, अपनी कमाई से कभी संतोष नहीं होता उन्होंने कहा कि यदि आप अपने जीवन को आनंद से भरना चाहते है तो लोभ की प्रवृत्ति को अपने जीवन व्यव्हार से हटाइये और अपनी इच्छाऐं सीमित कीजिये जरूरत की ओर ध्यान दीजिये अनावश्यक इच्छाओ को विराम दीजिये धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता एवं प्रचार प्रमुख अविनाश जैन विद्यावाणी एवं राहुल जैन (स्पोर्ट्स) ने बताया प्रात:5 बजे से भावनायोग के साथ आज के दिन की शुरुआत हुई तत्पश्चात भगवान पुष्पदंत स्वामी के मोक्ष कल्याणक अवसर पर निर्वाण लाडू श्री सम्मेद शिखर जी तीर्थ पर सुप्रभ कूट की कल्पना करके समर्पित किया संघस्थ प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया लिधोरा का जन्मदिन को मुनि श्री के आशीर्वाद के साथ मनाया गया श्रावक संस्कार शिविर के श्रावक श्रैष्ठी भामाशाह अशोक जी पाटनी एवं श्री मति शुशीला पाटनी के साथ धर्मप्रभावना समिति के पदाधिकारियों तथा शिवरार्थिओं के साथ लिधोरा से आऐ परिवार के सदस्यो ने शुभकामनाएं दी एवं भगवान का अभिषेक एवं शांतीधारा एवं मुनि श्री को आहारदान का सौभाग्य भी मिला।परिवार गुणायतन के टृष्टी भी बने धर्मप्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी स्वागत अध्यक्ष नवीन गोधा, महामंत्री हर्ष जैन, आनंद गोधा द्वारा अशोक भैया जी परिवार का स्वागत किया गया।दौपहर में तत्वार्थसूत्र का बाचन किया गया एवं सांयकाल 6 बजे शंकासमाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। **-अविनाश जैन**

# चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा- लोभ छोड़ो शौच धर्म स्वीकारो

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** पर्वराज पर्युषण के चौथे दिन नांदणी निशिदिका पर दिगंबर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने श्रावक साधना संयम संस्कार शिवीर में धर्म सभा को संबोधन करते हुए कहा कि पापों का पिता कोई है, तो वह लोभ है। लोभ बडा खतरनाक है। लोभ अनर्थकारी होता है। लोभ सर्व अनर्थो का मूल कारण है। लोभ ही पाप कराता है। लोभ ही हिंसा कराता है। लोभ मान कराता है। लोभ ही मायाचारी कराता है। लोभ ही झूठ बुलवाता है। लोभ ही चोरी कराता है। लोभ ही कुशील कराता है। लोभ ही संग्रह वृत्ती में प्रवृत्त कराता है। लोभी लोभ के वश संपूर्ण पाप करता है। लोभी के लोभ के कारण ही उसका सर्वनाश होता है।



स्वच्छता, सुचिता, पवित्रता, निर्मलता को ही शोच धर्म कहते है। कषाय परिणाम से आत्मा मलीन होता है। आत्मा से अशुद्धी को हटाना, मलिनता दूर करना यही शुचिता है। पवित्रता तभी आयेगी जब तुम परिग्रह से मुख मोडोगे, कषायों को छोड दोगे। चाह ही चिंता बढाती है। चाह ही कषाय भडकाती है। आकांक्षा ही विशुद्धी घटाती है। कामनाये ही कष्ट देती है। कामनाये हीं विनाशकारी हैं।

सबसे अधिक किमती, मूल्यवान श्रेष्ठ वस्तू है तो वह भाव - विशुद्धी है। जो पवित्र परिणाम, गुरू सेवा, प्रभू भक्ती में होते है ऐसे उच्च परिणाम लाखो स्वर्ण मुद्राये व्यथ करके भी प्राप्त करना कठीण है। कषाय कि एक कनिका से शांति भंग हो जाती है। कषाय से बचो, शुचिता प्राप्त करो। लोभी लोभ के वश इतना अधिक श्रम करता है कि - स्वयं को बिमार कर लेता है। लोभ से, कामना से कषाय से कोई वस्तू प्राप्त नहीं होती है, जो भी प्राप्त होता है वह पुण्य से होता है और पुण्य दया, करुणा, गुरू सेवा, प्रभू भक्ती और तप से प्राप्त होता है। लोभ छोडो, पुण्य बढाओ। निर्लोभ वृत्ती ही शौच धर्म है। शुचिता ही शौच है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## संक्षिप्त समाचार

### श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर शंकर नगर में भगवान 1008 पुष्पदन्त नाथ जी का मोक्ष कल्याणक बड़े ही भक्ति भाव से मनाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री मनीष जैन महामंत्री अमित गोईल ने विज्ञप्ति द्वारा बताया कि पर्युषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच (शुचिता )धर्म की पूजा, अर्चना, विधान किया गया, श्रीजी के प्रक्षाल के पश्चात प्रथम कलश का सौभाग्य सी. ए. श्री देवेंद्र जैन एवं ईस्टे मनोरथ कलश का सौभाग्य श्री सुधांशु जैन को प्राप्त हुआ, विश्व शांति के लिए बीजाक्षरों से वृहद शांतिधारा का सौभाग्य समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री आज़ाद जैन परिवार एवं श्री आनंद, आशीष जैन बाबूलाल टाकीज परिवार को प्राप्त हुआ, शांतिधारा का पठन श्रीमती सुधा आज़ाद जैन द्वारा किया गया, आज भादपद्र शुक्ल अष्टमी को 1008 भगवान श्री पुष्पदन्त नाथ का निर्वाण महोत्सव बड़े ही धर्ममय वातावरण मे उपस्थित श्रावक, श्राविकाओं के द्वारा मनाया गया, सर्व प्रथम निर्वाण कांड का पठन कर, पूजा व मोक्ष कल्याणक का अर्घ समर्पित कर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया, पर्युषण पर्व मे जबलपुर से आमंत्रित विदुषी विद्वान् दीदी आदरणीय स्नेहलता जी द्वारा बारह भावना एवं उत्तम शौच धर्म पर प्रवचन के माध्यम से विवेचना की गयी, समिति के अरविन्द जैन ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: से ही भक्तों की भीड़ जिसमे वृद्ध, युवा बच्चे महिलाएं पुरुष अभिषेक, पूजा, आरती के लिए एकत्र होकर धर्म ध्यान करते है, रात्रि मे आरती स्वाध्याय, व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है, सभी वर्ग पर्युषण मे अपने अपने श्रद्धा व शक्ति अनुसार उपवास, एकासना व त्यागमय जीवन जीकर अपने कल्याण को अग्रसर रहते है, पर्युषण पर्व देश विदेश सभी स्थानों मे बड़े ही धूमधाम पूर्वक मनाये जाते है।

### शौच धर्म का अभिप्राय लोभ से मुक्त पवित्र आत्म स्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** दिगंबर जैन समाज बलौदाबाजार पर्यूषण पर्व का चौथा दिन उत्तम शौच धर्म कहलाता है शौच धर्म का अभिप्राय लोभ से मुक्त पवित्र आत्म स्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है। आज की श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य इंद्र कुमार जी नरेंद्र जी अशोक जी अक्षय जैन को प्राप्त हुआ। अशोक जैन जी ने सर्वप्रथम भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर पांडुक शिला में विराजमान किया। आज का प्रथम चार कलश से श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य नरेंद्र जी अशोक जी दिनेश जी रितेश जी जैन को प्राप्त हुआ शाम की महा आरती का सौभाग्य शांति देवी (रमेश जैन) एवं मीना देवी (महेंद्र जैन) को प्राप्त हुआ। मंदिर जी में जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण जैन सुभाष जैन कोषाध्यक्ष धीरज जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन सचिव अमित जैन और आज के शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त अशोक जैन जी ने पर्यूषण पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए आज के धर्म के बारे में बताया कि, केवल शरीर की पवित्रता नहीं, आत्मा की पवित्रता से अनुराग रखिए लोभ( लालच )का कोई अंत नहीं है लोभ आत्मा को दूषित करता है। आज का श्रीजी का अभिषेक एवं आरती पंडित मनोज शास्त्री जी के धर्म गीत और उनके मंत्रोपचार के बीच आनंद एवं भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हुआ कल रात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी धार्मिक पहचान बताने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# पर्वाधिराज पर्युषण दसलक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस जिनालयों में हुई उत्तम शौच धर्म की आराधना

**रतन भण्डारी ने कहा- उत्तम शौच लोभ परिहारी, संतोषी गुण**

**श्रावकों ने निर्वाण लाडू समर्पित कर मनाया पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक**



**झांसी ( विश्व परिवार )।** पर्वाधिराज पर्युषण दसलक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस नगर के समस्त जिनालयों में उत्तम शौच धर्म की पूजा आराधना की गई। भारी बरसात भी भक्तों को भगवान की भक्ति करने से नहीं रोक पाई। जहां एक ओर नगर में लगातार बरसात हो रही है तो वहीं दूसरी ओर जैन मंदिरों में धर्म की वर्षा भी हो रही हैं।

ज़ गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में श्री पार्श्वनाथ भगवान की वेदिका पर श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य वरिष्ठ समाजसेवी जिनेन्द्र सर्राफ, राजीव जैन सिर्स, नरेश जैन नीटू, वरुण जैन, गौरव जैन नीम, अंकित सर्राफ, अमन जैन विरागप्रिय, दीपांक सिंघई, नमन अछरौनी को प्राप्त हुआ। विश्वशांति की मंगलकामना के साथ सौरभ जैन सर्वज्ञ को श्रीजी के मस्तक पर शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री विशालसागर जी महाराज के सानिध्य में श्रावकों ने श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजन करते हुए जैन दर्शन के नौवें तीर्थंकर श्री पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भक्तिभाव पूर्वक निर्वाण लाडू समर्पित किया। इस अवसर पर पंचायत ऑडिटर राजकुमार भण्डारी, आलोक जैन बल्ले, विकास जैन विक्की, आलोक जैन विश्वपरिवार, अमित प्रधान, राकेश नायक चिरगांव, विशाल सिंघई, शुभम जैरी, अनूप जैन सनी, शुभम जैन छोटू, अनिल जैन, राहुल जैन, अविनाश मड़वैया, दिव्यांश जैन, मयंक जैन लाला, रवि जैन कटरा, शिल्पी जैन अछरौनी, मनीषा सिंघई, रंजना जैन सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। **-सौरभ जैन सर्वज्ञ**

# लोभ पाप का बाप है तो शौच धर्म आत्मा का शोधक है : प्रज्ञायोगी आचार्य श्री गुप्तिनंदी जी गुरुदेव

**आडूल नगर ( विश्व परिवार )।** छत्रपती संभाजीनगर प्रतिनिधि धर्मतीर्थ क्षेत्र में चातुर्मास रत धर्मतीर्थ के निकट आडूल नगर में आयोजित रत्नत्रय श्रावक संस्कार शिविर में परम- पूज्य प्रज्ञायोगी दिगम्बर जैनाचार्य श्री गुप्तिनंदी जी गुरुदेव ने पर्यूषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्मपर अपनी मधुर वाणी में प्रवचन के माध्यम से बताया कि शौच धर्म आत्मा की पवित्रता का प्रतीक है। यह पवित्रता संतोष के माध्यम से आती है।लेकिन इससे उल्टे जैसे-जैसे मानव को लाभ होता है वैसे-वैसे उसका लोभ बढ़ता जाता है।लोभ से इच्छा और तृष्णा निरंतर बढ़ती जाती है।जिनकी पूर्ति होना सर्वथा असंभव है।लोभ अनेक प्रकार के होते हैं-कितनी भी नदियाँ समुद्र में समाहित हो जाये।फिर भी समुद्र प्यासा ही रहता है।प्रतिदिन पर्याप्त भोजन मिलने पर भी पेट खाली ही रहता है तथा बुभुक्षा हमेशा अतृप्त रहती है।प्रतिदिन अनेक शवों को भस्मसात् करने के बाद भी श्मशान सदा भूखा रहता है। इसी तरह तृष्णा की खाई सदा रिक्त ही रहती है।लोभ की पूर्ति कभी भी संसार में होना असंभव है। जिसकी चित्तभूमि संतोष रूपी उत्तम जल से अभिसिंचित है।वहीं शौच धर्म को हृदयंगम कर सकता है।सुख शांति का पात्र बन सकता है।धन संचय की तृष्णा में यत्र-तत्र भटकते जीव को कभी सातिशय सुख की उपलब्धि नहीं हो सकती।



जिस प्रकार प्यास से व्याकुलित हिरण दूर चमकते हुए बालू के कणों को देखकर समझता है कि आगे जल है और इस भ्रान्ति में जल पीने दौड़ पड़ता है।दौड़ते-दौड़ते उसके प्राण पखेरु उड़ जाते हैं पर जल नहीं मिलता।वैसे ही संसारी जीव पंचेन्द्रिय विषयों की आकांक्षा में विक्षुब्ध हो विषय भोगों की ओर दौड़ रहे हैं वे इस भ्रम में है कि खाने में सुख है।पुत्र पौत्र बन्धु बंधनो में सुख है और उनकी सुरक्षा व संग्रह में ही वह अपने अमूल्य मानव जीवन को गंवा देता है, पाता कुछ भी नहीं है।आर्त रौद्र ध्यान से मरणकर नरक निगोद आदि दुर्गति का पात्र बनता है। उन जीवों से शौच धर्म यह आव्हान करता है कि यदि सुरक्षा और संचय करो तो उनकी करो जिनकी प्रभा कभी फीकी न रहे।रत्न पारखी जौहरी बनो। कंकड़ पत्थरों के संचय करने में बहुकाल व्यर्थ में बीत चुका है अब रत्नत्रय का संचय करो। दीपक भले ही स्वर्णालंकारों से विभूषित हो लेकिन यदि उसके अंतरंग में तेल की एक भी बूँद नहीं है तो वह प्रकाश देने में असमर्थ है।

# लोभ रूपी मलिनता को दूर कर आत्मा को बनाएं निर्मल

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए दिया जा रहा आस्था का संदेश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जीवन जीने की विशिष्ट शैली के लिए पहचाने जाने वाले जैन संप्रदाय के लोग अपने सबसे बड़े त्योहार पर्वाधिराज पयूर्षण पर साधना, तपस्या की चरम स्थिति को प्राप्त करने में लीन है। दस दिनों तक चलने वाले पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी को होगा। इससे पूर्व जैन श्रावक कठोर नियमों का पालन कर आत्मा को शुद्ध बनाकर मोक्ष मार्ग के लिए खुद को तैयार करने में जुटे हुए हैं। डीडी नगर स्थित श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म और चैथे दिन उत्तम शौच धर्म का पालन कराया गया। कटंगी मध्यप्रदेश से आए बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया ने बताया कि मन की ऋजुता अर्थात् सरलता को होना आर्जव धर्म है। मानव का सरल दिखना आसान हो सकता है मगर सरल बनना बहुत कठिन है। मन, वचन और काय से समानता आने पर ही इस धर्म का सही अर्थ चरितार्थ हो सकता है। उत्तम शौच धर्म के बारे में समझाते हुए उन्होंने कहा कि हम श्रृंगार, सौंदर्य प्रसाधनों के माध्यम से शरीर को सुंदर बनाने में व्यर्थ ही समय गवां रहे हैं जबकि असली सौंदर्य तो मन की शुचिता, तप, साधना से आता है। इस दौरान मंदिर में प्रतिदिन संगीतमयी विशेष पूजन विधान कराये जा रहे हैं। बुधवार को पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया और विशेष निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। वहीं श्री जी का विशेष अभिषेक और शांतिधारा नरेश, वंदना, हर्ष, संजय, तृप्ति जैन, निर्मल कुमार, शशिकांत, रविकांत, दीपक, दर्शिल, बाहुबली, अमिता जैन द्वारा कराई गई। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में पंच परमेष्ठि भगवान के प्रति आस्था रखने का संदेश लघु नाटिका रेत के ढेर के माध्यम से दिया गया। लोभ और धन संपदा की लालच में आकर सौदा करके दंपत्ति अपने पुत्र को राजा को बलि देने के लिए सौंप देते हैं। तब मृत्युशैया के निकट होकर भी पुत्र प्रभु पर आस्था रखते हुए भक्ति में लीन हो जाता है।




# कपट करोगे तो निपट जाओगे : पं. नितिन जैन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्वाधिराज दषलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर तीसरे दिन उत्तम षौच धर्म की आराधना की गई। श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर जी, सन्मति नगर, फाफाडीह, रायपुर में प्रातःकाल भक्तों ने मंदिर जी में अभिशेक षांतिधारा से लेकर पर्व पूजाएं कर धर्मलाभ लिया।



भाद्र षुक्ल अश्टमी के दिन जैन धर्म के नवमें तीर्थंकर भगवान पुश्पदन्त जी को मोक्ष प्राप्त हुआ था। मंदिर समिति ने भगवान पुश्पदन्त जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम मूल वेदी में भगवान पुश्पदन्त जी को निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इसके बाद महाआरती की गई। मूल वेदी में षांतिधारा, निर्वाण लाडू चढ़ाने एवं महाआरती का सौभाग्य समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद-मोना, आयुश साक्षी, अनुज बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ।

समिति के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि चतुर्थ दिवस उत्तम षौच धर्म के अवसर पर प्रथम तल में भगवान पार्ष्वनाथ की वेदी पर षांतिधारा का सौभाग्य श्री अषोक कुमार प्रषान्त कुमार जी पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वेदी पर षांतिधारा श्री गौरव कुणाल जैन द्वारा की गई।

संध्या समय श्रीमती उशा लोहाड़िया एवं श्रीमती वर्शा सेठी के निर्देषन में श्रावक प्रतिक्रमण कराया जा रहा है। इसकी पूर्व संध्या उत्तम आर्जव धर्म के दिन, षास्त्र सभा में स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' ने बताया कि आर्जव धर्म का अर्थ है ऋजुता यानि सरलता। संक्लेषित परिणामों का त्याग कर अपने आप को नम्र बनाते हुए स्पश्टवादी बनना और अपने आचरण को सरल रखना सो उत्तम आर्जव है। आर्जव यानि छल कपट का त्याग करना। जो छली हो या कपट भावना से भरा हो उससे भी दूर रहना। अपने जीवन यापन के लिये भी कपटपूर्ण या मायाचारी से धन नहीं कमाना चाहिये। कपट से कमाया धन दस वर्शों तक ही साथ रहता है। ग्यारहवें वर्श में वह धन समूल नश्ट हो जाता है। कपट करने से समाज में मान भी चला जाता है। लोग नीची दृश्टि से देखते हैं।

# दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन चारों कषाय को छोड़कर सत्य मार्ग किया प्रशस्त

**पर्यूषण पर्व में निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया पुष्पदंत स्वामी का मोक्ष कल्याणक**

**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में पर्यूषण महापर्व में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से धर्म प्रभावना हो रही है। सुबह नित्यमय अभिषेक के उपरांत विश्व शांति की मंगल कामना के साथ मंत्रोच्चार के मध्य शांतिधारा, पूजन विधान का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। सुबह से ही केसरिया वस्त्र धारण कर अष्टद्रव्य का थाल लेकर पुरूष महिलाएँ एवं बच्चे मंदिर जी पहुंचे एवं भक्ति भाव से चारों दिन क्रोध मान माया लोभ कषाय को छोड़कर सत्य मार्ग प्रशस्त किया। जिसकी भक्ति भाव से धर्म की आराधना कर निर्वाण लाडू चढ़ाकर जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर पुष्पदंत स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया। इन दस दिनों जैन समुदाय में निराहार रहकर, पानी-दूध लेकर, फलाहार करके या शुद्ध और सात्विक स्वल्पाहार लेकर व्रत उपवास करने की परम्परा है। कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अमन भैया सांगानेर के नेतृत्व और गंगाराम एन्ड पार्टी के मधुर संगीत में एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में पं. संतोष कुमार ललितपुर के निर्देशन और हरिशंकर शर्मा एन्ड पार्टी के मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये, जिसमें धर्माबलम्बियों ने बढ़कर भाग लिया। सायं काल की बेला में संगीतमय आरती के उपरांत शास्त्र प्रवचन के माध्यम से विद्वानों ने दसलक्षण धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। धर्म श्रेष्ठियों ने आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण कर ज्ञान दीप प्रज्वलित किया। पंडित संतोष कुमार जैन ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा जीवन में मृदुता, सरलता, ऋजुता, विनम्रता, शुद्धता, समता और परिणामों में शांति के लिए क्रोद्ध को छोड़कर क्षमा भाव, घमंड छोड़कर मार्दव भाव, मायाचारी छोड़कर आर्जव भाव और लोभ छोड़कर शौच धर्म को धारण करने के बाद सत्य को अंगीकार किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानचंद्र पुरा, जयकुमार कन्धारी, उत्तमचंद्र भाड़रा, सनत कुमार, देवेंद्र जैन, अरुण मोदी, पुष्पेंद्र जैन, अशोक कुमार, प्रवीन भंडारी, श्रेयांश जैन, डॉ. महेन्द्र, वीरेंद्र कुमार, कमलेश जैन, महेंद्र कुमार, राजेंद्र जैन, प्रकाश चंद्र, सुनील जैन, निर्मल कुमार, यशपाल, मेघराज जैन, राकेश कुमार, सुशील मोदी, प्रदीप एड, विकास पवा, चक्रेश कुमार, स्वतंत्र जैन, सजल मोदी, अलोक कुमार, अजय जैन अज्जू, शैलेश कुमार, रीतेश जैन, सुधीर कुमार, प्रवीण जैन, कपिल मोदी, प्रितेश कुमार, हितेंद्र पवैया, अरविन्द भंडारी, विशाल पवा, आकाश चौधरी, सौरभ जैन, आदेश मोदी, रोहित जैन, अनुराग मिठ्या, प्रिंस जैन, सुरेन्द्र कुमार अरविन्द जैन, विनय कुमार, नीलेश जैन, रुपेश भंडारी, अखिलेश जैन, अंजेश जैन, मनीष कुमार, अजय कुमार, अमन जैन, अभिषेक कुमार, आशीष जैन, शनि जैन, पियूष जैन, अमित कुमार, अंकित जैन, पुनीत जैन, वैभव जैन, अर्पण जैन, अक्षत जैन सहित मंदिर समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन चौधरी अनिल कुमार चक्रेश जैन ने किया।



प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### मीशो का ईकॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024 ग्राहक बड़ी संख्या में अपना शॉपिंग बजट बढ़ाने वाले हैं

**रायपुर।** भारत के एकमात्र ट्रू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने आज अपनी 'ईकॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024' रिपोर्ट जारी की। त्योहारों से पहले पेश की गई इस रिपोर्ट में आगामी त्योहारों के लिए विक्रेताओं की तैयारी का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि ग्राहक शॉपिंग करने की क्या योजना बना रहे हैं। यह विस्तृत रिपोर्ट त्योहारों पर ऑनलाईन शॉपर्स की विकसित होती हुई पसंद का अनुमान देती है। इन त्योहारों पर ई-कॉमर्स विक्रेता अपने ऑपरेशंस बढ़ाने की क्या रणनीति बना रहे हैं, इस रिपोर्ट में इस बारे में भी बताया गया है। मेघा अग्रवाल, जनरल मैनेजर, बिज़नेस एट मीशो ने कहा, ''त्योहारों से पहले मीशो की 'ई-कॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024' रिपोर्ट में ग्राहकों और विक्रेताओं के बदलते परिदृश्य का खुलासा हुआ है। एक तरफ ज्यादातर ग्राहक ऑनलाईन खरीदी का बजट बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया भी शॉपिंग को प्रभावित कर रहा है- हमारे आधे यूज़र्स उत्पादों की सिफारिश के लिए इन्फ्लुएंसर्स पर भरोसा करते हैं, जिससे खरीद के निर्णय को प्रभावित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। हमारे विक्रेता, जो ई-कॉमर्स में नए हैं, उनके लिए इनोवेशन बहुत आवश्यक है। विक्रेता नई श्रेणियों में प्रवेश कर रहे हैं, और इनोवेटिव उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं, जिससे ग्राहकों की विकसित होती हुई मांग को पूरा करने की उनकी प्रवृत्ति प्रदर्शित होती है। मीशो में हम इस वृद्धि में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। हम भारत में लाखों लोगों की फेस्टिव शॉपिंग का अनुभव बेहतर बना देंगे।''

### राष्ट्रीय पोषण माह रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें

**रायपुर।** एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। अपनी फिटनेस की दिनचर्या और आदतों के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, मैं सोच-समझकर सेहतमंद खानपान की आदतों को पालन करती हूं। साथ ही अपने पोषण पर भी नजर रखने की कोशिश करती हूं, क्योंकि अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए ये बेहद जरूरी है। मुझे हर मील में पौष्टिकता से भरपूर फूड्स को शामिल कर खाने का पहले ही प्लान करना पसंद है। राष्ट्रीय पोषण माह पर अपनी बात रखते हुए, रीजनल हेड-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रितिका समद्दर कहती हैं, आसानी से मिलने और तेज रफ्तार जीवनशैली की वजह से जंक और एचएफएसएस (हाई फैट, शुगर, सॉल्ट) जैसी चीजें खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां और मोटापा जैसी जीवनशैली संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

### दिनेश जोतवानी और टीम का प्रभावी तर्क सुप्रीम कोर्ट ने CBI को सौंपी वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की पत्नी की संदिग्ध मौत की जांच

**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर (शुक्रवार) को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की पत्नी की संदिग्ध मौत की जांच करने का निर्देश दिया। यह आदेश [मंदाकिनी दीवान एवं अन्य बनाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अन्य] मामले में पारित किया गया, जिसमें मृतक रंजना दीवान की मां और भाई ने निष्पक्ष जांच की मांग की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुनाया। मृतक की 2016 में मृत्यु हुई थी, जो उनकी शादी के लगभग दो साल बाद हुई। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ पुलिस पर पक्षपात और अनुचित प्रभाव डालने का आरोप लगाया, जिसके बाद उन्होंने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है, ताकि मृतका की मौत की सच्चाई सामने आ सके। अपीलकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता दिनेश जोतवानी, धवेश पाहुजा, भार्गव बैसोया, श्रुति सिंह, शिवालिका मिधा, नरेंद्र बहादुर तिवारी, नीलेश शर्मा और साकेत गोगिया उपस्थित हुए।

# परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर मेहनत करने वालों को मिलती है सफलता - कलेक्टर

## रू-ब-रू कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के 22 स्कूलों के 27 विद्यार्थी



**धमतरी(विश्व परिवार)।** रू-ब-रू कार्यक्रम के द्वितीय कड़ी में आज नवाचारी उपायों को विकसित करने ईलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का उपयोग कर विभिन्न विज्ञान मॉडल, रोबोट इत्यादि तैयार करने वाले जिले के बच्चों ने कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी से उनके निवास पर भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों द्वारा ई-वेस्ट से तैयार किए गए मॉडल्स को देखा और उनके उपयोगिता और फायदे के बारे में चर्चा की। बच्चों से बारी-बारी से अपने मॉडल्स को कलेक्टर के समक्ष प्रदर्शित कर उनके उपयोग करने की विधि और उनसे फायदे में बारे में बताया। कलेक्टर ने बच्चों को आगे और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। इसलिए बच्चे ना केवल शैक्षणिक गतिविधियां बल्कि खेल, कला, पेंटिंग, नृत्य, नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का बोझ बच्चे अपने ऊपर ना लें, अपने अनुभवों को अपने माता-पिता, गुरूजनों और मित्रों से भी साझा करें, ताकि हर मुश्किल का आसानी से हल निकाला जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अच्छे दोस्त बनाने के साथ ही अच्छी प्रेरणास्पद कहानियां, महापुरूषों की जीवनी इत्यादि का भी अनुसरण करें। कितनी भी मुश्किल आ जाए पढ़ाई नहीं छोड़ें और निरंतर आगे बढ़ते ही रहें। बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स में टॉय फेन, ड्रीम गर्ल डेकोरेशन, स्मार्ट एरिगेशन, वेडिंग मसीन, सोलर पॉवर बैंक, रूम हीटर, गर्ल्स सेफ्टी मशीन, मच्छर मारने का यंत्र, आभूषण, मिश्री कटर, रोड सेफ्टी बस, भूकम्प मापी यंत्र, चलित वॉक्यूम क्लीनर, फायर अलार्म, वाकर, पेन होल्ड, वेस्ट मटेरियल से बिजली उत्पादन, वॉटर प्यूरीफायर, सेफ्टी सिक्योरिटी सिलेक्शन इत्यादि शामिल हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के कक्षा 11 वीं छात्र डिकेश बंजारे ने बताया कि कलेक्टर से मिलकर उन्हें काफी कुछ सीखने और समझने को मिला है। वहीं सेजेस कुरूद की कक्षा 11 वीं की विद्यार्थी सुश्री स्मृद्धि ने कहा कि हर विद्यार्थी को इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए, जिससे आगे बढ़ने में सहायता और प्रोत्साहन मिलता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान बलराम का जन्मदिन



**सुकमा(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में भगवान बलराम जी के जन्मदिन को किसान दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ, सुकमा के जिला अध्यक्ष श्री धरम नाग मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के उप संचालक कृषि श्री पीआर. बघेल ने की, कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र की पूरी टीम तथा पूरे जिले से करीब 55 किसानों ने भाग लिया। 20 कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती में विशेष योगदान के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए , सबसे पहले भगवान बलराम जी की पूजा-अर्चना करके माननीय मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री, छ. ग. शासन के किसानों के नाम आज का संदेश सुनवा कर विधिवत कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ प्रति माह होने वाली मासिक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर आगामी माह हेतु चर्चा की और सभी ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के बारे मे किसानों को विस्तार से बताया गया। जिसमें पशुपालन विभाग से डॉ. एस. एस.जगत उप संचालक पशु पालन, कृषि विभाग से श्री पी.आर. बघेल, उपसंचालक कृषि, उघानिकी विभाग से श्री हितेश नाग सहायक संचालक उघानिकी,श्री सुरेश कुमार बैक वरीष्ठ कृषि विकास अधिकारी व श्री कमल गावड़े ग्रामीण उघान विस्तार अधिकारी के साथ साथ सभी विभागों से मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने अपने अपने विषय से संबंधित माह सितंबर की कार्य योजना को प्रस्तुत किया तथा अधिकारियों एवं कृषि मित्रों द्वारा चाही गई जानकारी को विस्तार से बताया । कार्यक्रम के साथ साथ मछली पालन विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह राठौर द्वारा कार्प बीज उत्पादन एवं तालाब प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई जिसमें उन्होंने मछली पालन हेतु तालाब प्रबंधन, बीज उत्पादन, मछली की ब्रीड का चयन से किस तरह किसान अपने आय में वृद्धि करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने ली बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 सितंबर को जिले में आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में परीक्षा का आयोजन होना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन जिले के अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा किया जाना है, जिसके उद्देश्य को पूरा करने में सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, जिस सेट का प्रश्नपत्र अभ्यर्थी को निर्धारित है, उसे वहीं सेट का प्रश्नपत्र वितरण हो, यह सुनिश्चित करना है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी का परीक्षा केन्द्र, रोलनंबर आदि की जांच परीक्षा केन्द्र के गेट पर स्पष्ट रूप से जांच करने के उपरांत ही परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी का प्रवेश दिया जाए। परीक्षा के पूर्व प्रश्न पत्र का सुरक्षित रखरखाव थाना और कोषालय में और गोपनीयता बरकरार रखना है। व्यापमं नोडल अधिकारी डॉ. वर्षा बंसल ने बैठक में समन्वयक और परीक्षार्थियों को सूचित करते हुए कहा कि वे प्रवेश पत्र (अभ्यर्थी कॉपी व व्यापम कॉपी) एवं मूल पहचान पत्र (वोटर आईडी, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, महाविद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र में से कोई एक) के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हों। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट के पश्चात् परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश की अनुमति नही होगी।

# लगातार हो रही बारिश से नए बने पुल बह गया,पुल बहने से कई गांव प्रभावित

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** केशकाल में धनोरा के ध्रुवापारा में बना पुल बह गया है। पुल बहने से कई गांव प्रभावित हो गए हैं। पुल बहने की जानकारी मिलते ही केशकाल स्ष्ठरूमौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। वहीं ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए गुणवत्ताहीन कार्य करने की बात कही है। चद्दह्लद्धद्मडुद्य दूसरी ओर मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग की मानें तो एक लो प्रेशर का क्षेत्र बनने की वजह से आने वाले तीन दिनों तक प्रदेश में खासतौर पर मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा हो रही है। महासमुंद, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिलों के अधिकांश स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सूबे के सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर, रायपुर, बलोदाबाजार, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सुकमा जिलों में अधिकांश स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, मुंगेली और कोरबा जिलों के अलग अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है।

# बारिश के दौरान जन-जीवन सामान्य बनाए रखने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में लगातार हो रहे बारिश के मद्देनजर जनजीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे बारिश के फलस्वरूप जल भराव एवं अन्य समस्याओं के कारण आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में लगातार हो रहे बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर श्री एके लकरा एवं श्री डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जिले के जलाशयों में जल भराव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों से पानी छोड़ने के पूर्व इसका समुचित प्रचार-प्रसार तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम नागरिकों को इसकी सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को समय-सीमा में पूरा करने हेतु पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि की भी ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए।

# छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए अधिकारी एवं विशेषज्ञ दे रहे है कैरियर मार्गदर्शन



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं छात्र जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है अगर इसी स्तर से ही छात्रों को उनके भावी कैरियर संबंधी सटीक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तो निश्चित ही इसके अच्छे परिणाम आएगें। कैरियर मार्गदर्शन छात्रों को उनके गुणों और क्षमताओं पर निर्भर कैरियर विकल्पों को पहचानने के लिये महत्वपूर्ण जानकारी, डेटा, योग्यता और अनुभव प्राप्त करने में सहायता करने के साथ-साथ छात्रों के सुरक्षित भविष्य एक अच्छा कार्य जीवन संतुलन रखने में मदद करता है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में सत्र 2024-25 में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम संचालित किया गया है। इसके लिए जिले के 63 विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र, छात्राओं को उनके कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिये जाने हेतु विभिन्न कैरियर क्षेत्रों से विशेषज्ञों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को विद्यालयों में आमंत्रित कर विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बच्चों को बेहतर कैरियर विकल्पों की संपूर्ण जानकारी प्रदाय किये जा सके इस हेतु प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को संस्था का कैरियर मार्गदर्शन नियुक्त करते हुए प्रशिक्षित किया गया है। तथा वे अपने विद्यालयों में प्रति शनिवार कैरियर की कक्षाएं लेते हैं। कार्यक्रम अंतर्गत माह के किसी एक शनिवार को संस्था में किसी अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को आमंत्रित कर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया जाता है। इस तारतम्य में गत माह शा.उ.मा.वि. बड़े गुडरा में डॉ. प्रकाश साहू, सहा. पशु चिकित्सक को आमंत्रित किया गया जहां उन्होने छात्र,छात्राओं को पशु चिकित्सा के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा शा.क.उ.मा.वि. कटेकल्याण में आई.टी.आई. ट्रेनिंग ऑफिसर श्री मनीष श्रीवास, तहसीलदार, फरसपाल, सुश्री प्राची लांगे द्वारा शा.क.उ.मा.वि. कुआकोंडा व शा.उ.मा.वि. फरसपाल, में तथा ग्रामीण बैंक प्रबंधक सुनील द्वारा कन्या उ.मा.वि. बारसूर के में छात्र, छात्राओं की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें बेहतर कैरियर विकल्पों के विषय में बताया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरुवार 12 सितंबर 2024



## व्यापार समाचार

### AICTE और OPPO India ने पूरे देश के कॉलेजों में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के अंतर्गत ई-वेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम शुरू किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) और OPPO India ने आज देश में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट जागरुकता अभियान (ई-वेस्ट) के अंतर्गत रामजस कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसके साथ ही यह कॉलेज इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला 'ईको-कॉन्शियस चैंपियन इंस्टीट्यूट' बन गया है। OPPO India और U AICTE ने कार्यक्रम के पहले चरण में भारत में कॉलेजों के युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करके उनमें हरित कौशल को बढ़ावा दिया। इन इंटर्नशिप्स के लिए 1,400 से ज्यादा संस्थानों के 9,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5000 विद्यार्थियों का चयन किया गया। अब इन विद्यार्थियों को जागरुकता के सत्रों, ई-सर्वे, ग्रीन डे जश्नों के आयोजनों जैसी सस्टेनेबिलिटी की गतिविधियों में लगाया जा रहा है।

### सैमसंग ने एडवांस्ड एआई फीचर्स के साथ अपनी बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की


**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** भारत के प्रमुख कंज्यू ।मर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की। रेफ्रिजरेटर की नई सीरीज शानदार डिजाइन और कई एआई फीचर्स से लैस है। इन फीचर्स में स्मार्टथिंग्स एआई एनर्जी मोड, स्मार्टथिंग्स होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्ड, कन्वर्टिबल 5-इन-1, ट्विन कूलिंग प्लसः और एक्टिव फ्रेश फिल्टर+ शामिल हैं। ये रेफ्रिजरेटर्स भारतीय उपभोक्ताइओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे। सैमसंग बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज ग्लास और स्टील फिनिश में कई विकल्पों, ब्लैक ग्लास, ब्लैक मैट, लक्ज़ ब्लैक, एलिगेंट आइनॉक्स और रिफाइंड आइनॉक्स में मौजूद है, जिसमें आप अपने पसंदीदा रेफ्रिजरेटर का चुनाव कर सकते हैं। सैमसंग की नई बीस्पोक आई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज तीन साइज- 396 लीटर, 419 लीटर और 465 लीटर में उपलब्ध होगी। 64990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध रेफ्रिजरेटर में उपभोक्ताओं को बड़ी स्टोरेज क्षमता, सुविधा और लचीलापन मिलेगा। सैमसंग इंडिया में डिजिटल अप्लायंसेज बिजनेस के सीनियर डायरेक्टरर श्री सौरभ बैशाखिया ने कहा, रेफ्रिजरेटर श्रेणी में लीडर होने के नाते, हमारा ध्यान कूलिंग के अलावा कई दूसरी चीजों पर है। उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने के लिए हमारे अप्लायंसेज यूजर्स की पहुंच और बजट में है। यह उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुकूल बनाए गए है और इनकी काफी शानदार डिजाइनिंग की गई है। बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर आपके घरों में आसानी से अपनी जगह बनाकर घरों की खूसबरती में चार चांद लगाते हैं। यह एडवांस एआई फीचर्स, बीस्पोक डिजाइन और बड़ी स्टोरेज क्षमता से लैस हैं। इसमें यूजर्स को परफॉर्मेंस, ऊर्जा दक्षता और डिजाइन का परफेक्ट संयोजन मिलता है।''

### टाटा मोटर्स ने 'फेस्टिवल ऑफ कार्स' लॉन्च किया

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव कंपनी टाटा मोटर्स ने अपना सबसे बड़ा 'फेस्टिवल ऑफकार्स' लॉन्च किया है, जो त्यौहारों के इस सीजन में बेहतरीन ऑफर्स दे रहा है। कंपनी की लोकप्रिय कारें और एसयूवी ऐसी कीमतों पर पहली बार मिल रही हैं और उपभोक्ता के लिये हमारे शोरूम्स पर कई दूसरे फायदे भी उपलब्ध हैं। कुलमिलाकर ग्राहक 2.05 लाख रूपये के लाभ प्राप्त कर सकते हैं और उनके लिये यह अविश्वसनीय दामों पर अपने सपनों की कार खरीदने का बढ़िया मौका है। त्यौहारों के लिये खास ऑफर 31 अक्टूबर, 2024 तक की सीमित अवधि के लिये पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से पावर्ड सभी कारों तथा एसयूवी पर उपलब्ध हैं। 'फेस्टिवल ऑफकार्स' की घोषणा करते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. के चीफ कॉमर्शियल ऑफीसर श्री विवेक श्रीवत्स ने कहा, ''त्यौहारों का सीजन आने के साथ ही, हम अपने ग्राहकों के लिये ढेर सारे आकर्षक ऑफर्स लाकर बहुत खुश हैं। आईसीई व्हीकल्स पर कुल 2.05 लाख रुपये तक के फायदों के साथ, इस साल त्यौहारों के जश्न में कीमतों की सीमित समय के लिये, लेकिन आकर्षक गिरावट और साथ ही एक्सचेंज तथा कैश के लुभावने फायदे शामिल हैं। ऐसे में यह नई शुरूआत के उत्साह में खो जाने का बढ़िया मौका है। हमें विश्वास है कि टाटा की कार का मालिक बनने के लिये ग्राहक इस बेजोड़ अवसर का लाभ उठाएंगे और सुरक्षा तथा डिजाइन के सबसे बढ़िया संयोजन वाली कार खरीदकर त्यौहारों के इस सीजन को वाकई खास बनाएंगे।''

### क्रेडोर समर्थित आईवैल्यू इंफोसॉल्यूशंस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी सेवाओं और समाधान इंटीग्रेटर (फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार) में से एक आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। बंगलुरु स्थित कंपनी का आईपीओ विक्रय शेयरधारकों द्वारा 2 रुपये प्रति अंकित मूल्य के 1,87,39,000 (1.87 करोड़) इक्विटी शेयरों की पूर्ण बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। प्रमोटर विक्रयकर्ता शेयरधारक सुनील कुमार पिल्लई, कृष्ण राज शर्मा और श्रीनिवासन श्रीराम मिलकर 22,42,197 (22 लाख) इक्विटी शेयर बेच रहे हैं; और निवेशक विक्रयकर्ता शेयरधारक सुंदरा (मॉरीशस) लिमिटेड, जो निजी इक्विटी फर्म क्रिएडोर की सहयोगी है, 1,11,37,051 (1.11 करोड़) इक्विटी शेयर बेचेगी। नौ व्यक्तिगत विक्रयकर्ता शेयरधारक 53,59,752 (53 लाख) इक्विटी शेयर बेचेंगे। आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस एक उद्यम प्रौद्योगिकी समाधान विशेषज्ञ है, जो डिजिटल अनुप्रयोगों और डाटा को सुरक्षित और प्रबंधित करने के लिए व्यापक, उद्देश्य-निर्मित समाधान प्रदान करता है।



## यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद अल्काराज डेविस कप के लिए तैयार

**मैड्रिड( एजेंसी )।** कार्लोस अल्काराज का कहना है कि वह फिट हैं और इस सप्ताह के अंत में डेविस कप टेनिस के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेन का सामना कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से होगा, जिनके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। सोमवार को प्रेस से बात करते हुए, अल्काराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया, इससे पहले फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उनकी जीत हुई और अगस्त में ओलंपिक रजत पदक मिला। उन्होंने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था, लेकिन उन्होंने कहा, उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें। अल्काराज़ ने कहा कि कुछ दिनों के आराम और प्रशिक्षण के कारण बहुत तीव्र गर्मी के बाद उनमें तैयारी की कमी थी, जबकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अब वह घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं, और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है उसका सामना करने के लिए इष्टतम स्तर पर रहने के लिए न्यूयॉर्क में हारने के बाद से अच्छा काम किया है। अल्काराज़ ने खुलासा किया कि बोटिक वैन डे ज़ेंडस्चुल्प से यूएस ओपन में हार के बाद, वह अन्य रुचियों के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे पास अपने दिमाग को शांत करने के लिए कुछ दिन थे। लेकिन हमने सोचा कि सबसे अच्छी बात प्रशिक्षण पर वापस जाना और शारीरिक रूप से फिट होना है।

## विराट कोहली कई मायनों में ऑस्ट्रेलियाई हैं: स्मिथ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैदान पर विराट कोहली के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सोच तरह बताया है और उनका मानना है कि भारतीय दिग्गज बल्लेबाज अपने विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे। दोनों देश क्रमशः पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे। भारत ने क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में



ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। जिस तरह से वह लड़ाई में उतरते हैं, जिस तरह से वह चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं। मैं कहूंगा कि वह संभवतः भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैसी सोच रखते हैं। कोहली ने 29 टेस्ट शतकों सहित 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं और 113 टेस्ट मैचों में 49.16 की औसत से 8,846 रन बनाए हैं, जबकि स्मिथ ने 109 टेस्ट मैचों में 32 शतकों के साथ 56.97 की औसत से 9,685 रन बनाए हैं।

## एयरटेल अफ्रीका फाउंडेशन ने आईआईटीमद्रास ज़ांज़ीबार के छात्रों के लिए 'एयरटेल अफ्रीका फैलोशिप कार्यक्रम' की शुरुआत की

**ज़ांज़ीबार/चेन्नई/नई दिल्ली:** एयरटेल अफ्रीका फाउंडेशन ने आईआईटीमद्रास ज़ांज़ीबार में स्नातक छात्रों के लिए प्रतिष्ठित 'एयरटेल अफ्रीका फैलोशिप कार्यक्रम' की घोषणा की। यह आईआईटीद्वारा स्थापित पहला विदेशी कैंपस है। यह फेलोशिप विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटीएम) ज़ांज़ीबार में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बैचलर ऑफ साइंस में नामांकित हैं, को समर्थन देने का उद्देश्य रखती है। 5 लाख अमेरिकी डॉलर की प्रारंभिक राशि के साथ शुरू होने वाला यह कार्यक्रम 10 स्नातक छात्रों को उनके पूरे 4 साल के पाठ्यक्रम के लिए लाभान्वित करेगा। एयरटेल अफ्रीका फाउंडेशनकी स्थापना 2024 में समृद्ध अफ्रीका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। यह फाउंडेशन महाद्वीप में डिजिटल और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है। यह फेलोशिप प्रतिभाशाली छात्रों,विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों, के लिए शैक्षिक अवसरों को बढ़ाने हेतु उठाया गया पहला कदम है। इसका उद्देश्य 14 अफ्रीकी देशों जैसे कि नाइजीरिया, केन्या, मलावी, युगांडा, ज़ाम्बिया, तंज़ानिया, रवांडा, डीआरसी, नाइजर, चाड, कांगो बी, गैबॉन, मेडागास्कर और सेशेल्स के छात्रों का समर्थन करना है। इस छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता 'एयरटेल अफ्रीका फेलोज'के रूप में जाने जाएंगे। उन्हें उनके कॉलेज की 100त्न फीस यानी .12,000 (आईआईटी एमके 4 साल के कार्यक्रम की फीस) दी जाएगी। इसके अलावा, सभी पात्र छात्रों को जीवन-यापन के खर्चों को पूरा करने के लिए 500 दिए जाएंगे। यह पहल अफ्रीका में तकनीकी नवाचार और आर्थिक वृद्धि में योगदान करने वाले भविष्य के नेताओं के जीवन को आकार देने और उन्हें पोषित करने का प्रयास करेगी। इस छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ताओं को 'एयरटेल अफ्रीका फेलोज'के नाम से जाना जाएगा। उन्हें उनके कॉलेज की 100त्न फीस दी जाएगी, यानी संस्थान की 4 वर्षीय कार्यक्रम की शुल्क संरचना के अनुसार 12,000 अमेरिकी डॉलर।

## पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड का वन टाइम सेटलमेंट प्रस्ताव कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा स्वीकार किया गया, साथ ही कंपनी ने आयकर रिफंड के क्रेडिट की रिपोर्ट दी

**मुंबई :** पीसी ज्वैलर लिमिटेड (बीएसईः 534809, एनएसईः पीसीज्वेलर), भारत में अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ती आभूषण रिटेल श्रृंखलाओं में से एक, ने घोषणा की है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया राशि का निपटान करने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। स्वीकृत ओटीएस की शर्तों और नियमों में निपटान के तहत केश और इक्विटी घटक, रिलीज़ सिक्योरिटीज और गिरवी रखी गई संपत्तियां आदि शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि 06 सितंबर, 2024 को आयकर विभाग से 67.54 करोड़ रुपये का रिफंड उसके खाते में जमा किया गया है । इससे पहले, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही (क्तास्न्ङ्क25) के लिए शानदार परिणामो की घोषणा की थी। कंपनी ने अपने ग्राहकों का भरोसा फिर नसे हासिल करना शुरू कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप इसकी टॉपलाइन और लाभ में तेजी से वृद्धि हुई है। 30 जून 2024 (समेकित) को समाप्त तिमाही के लिए, राजस्व 401 करोड़ रुपये रिकार्ड किया गया, जो कि पिछले साल की तुलना में 499 प्रतिशत ज्यादा है।

कर से पहले लाभ 84.64 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। परिचालन लाभ (पीबीटी से कटौती करके आयकर की वापसी पर ब्याज के लिए समायोजित) 49 करोड़ रुपये (क्तास्न्ङ्क25) दर्ज किया गया। पीएटी ने 178.14 करोड़ रुपये (क्तास्न्ङ्क24) के नुकसान से 154.62 करोड़ रुपये (क्तास्न्ङ्क25) के लाभ में शानदार बदलाव दर्ज किया, जिसमें ईपीएस 3.35 रुपये प्रति शेयर रहा। भारतीय स्टेट बैंक (लीड बैंक) ने भी कंपनी के खिलाफआईबीसी की धारा 7 के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने की मांग करते हुए एनसीएलटी, दिल्ली के समक्ष दायर अपनी याचिका को वापस लेने के लिए एक आवेदन दिया था। उक्त याचिका को एनसीएलटी, दिल्ली द्वारा 30 अप्रैल, 2024 के अपने आदेश के अनुसार वापस ले लिया गया था। हालांकि, कपंनी को विश्वास है कि इसके कानूनी मुद्दे जल्द ही खत्म हो जाएंगे और अब ये कंपनी निरंतर विकास और लाभ की दिशा में अग्रसर है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की उसके बोर्ड ने आईसीडीआर विनियमों के अनुसार 56.20 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर पूरी तरह से परिवर्तनीय वारंट के तरजीही मुद्दे द्वारा 2705 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने को मंजूरी दे दी है।

## लीड ग्रुप की टेकबुक भारत में छात्रों की पढ़ाई में बदलाव लाने के लिए है तैयार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने आज टेकबुक लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे पारंपरिक पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार किया गया इंटेलीजेंट बुक है। टेकबुक आज स्कूली छात्रों की पठन-पाठन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए तीन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और एनसीएफके अनुकूल पाठ्यक्रम लेकर आया है। लीड ग्रुप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुमीत मेहता ने कहा, ﬇सदियों से, पाठ्यपुस्तकों की कक्षा में पढ़ाई के लिहाज़ से महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि एआई और एआर/वीआर ने दुनिया भर में उद्योगों में व्यक्तिगत ज़रूरत के अनुरूप मल्टी-मॉडल और गेमीफाइड अनुभवों की ओर बढ़ने में मदद की है। हम अपने देश के भविष्य के लिए कुछ आगे का लेकर आए हैं। टेकबुक टेक्नोलॉजी, शिक्षाशास्त्र और पाठ्यक्रम पर किए गए सालों के शोध का एक क्रांतिकारी परिणाम है, और यह छात्रों के पठन-पाठन के तरीके को हमेशा के लिए बदल देगा। हमें उम्मीद है कि 2028 तक भारत के शीर्ष 5000 स्कूल टेकबुक को अपना लेंगे, जिससे देश भर की कक्षाओं में व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप संवादपरक पठन-पाठन आम बात बन जाएगी। टेकबुक आवश्यकताओं के अनुरूप संवादपरक पठन-पाठन का अनुभव पेश कर पारंपरिक पाठ्यपुस्तकों की सीमाओं को तोड़ता है। अलग-अलग समझ के स्तर वाली कक्षाओं में, टेकबुक हर छात्र के लिए निर्देश को व्यक्तिगत ज़रूरत के अनुरूप ढालता है। इसमें तीन महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं: ऑगमेंटेड रियलिटी: पारंपरिक 2डी पाठ्यपुस्तकें छात्रों की जटिल अवधारणाओं को समझने की क्षमता को सीमित करती हैं जबकि इन अवधारणाओं की प्रकृति आम तौर पर 3डी होती है। टेकबुक विज्ञान और गणित जैसे विषयों को एआरआई (ऑगमेंटेड रियलिटी इंस्ट्रक्टर) के साथ जीवंत बनाता है, जिससे छात्र 3डी तरीके से विषयों को सीख सकते हैं।

## आकर्षक कीमत पर लॉन्च हुई MG Windsor हाइटेक फीचर्स से लैस है Electric Car

कमल नैन नारंग

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार ) ।** एमजी मोटर्स ने भारत में अपनी तीसरी इलेक्ट्रिक कार विंडसर को लॉन्च कर दिया है । इसकी शुरुआती क़ीमत 9.99 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है । वॉइस कंट्रोल वाली सनरूफ ।

ये इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर चार रंगों - टर्किश ग्रीन, पर्ल व्हाइट, क्ले बेज और स्टारबर्स्ट ब्लैक में उपलब्ध है । इसे बड़े साइज की वॉइस कंट्रोल वाली पैनोरमिक सनरूफ और 18-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं । कार का इंटीरियर लग्जरी कारों जैसा है जहां ब्लैक लेदरेट सीट्स वाली 135 डिग्री रिक्लाइनिंग रियर सीट्स दी गई हैं । एमजी ने इस इलेक्ट्रिक कार की पिछली सीट्स पर अडजस्टेबल हेडरेस्ट, 3 पॉइंट सीटबेल्ट,



रियर विंडसर, एमजी की कॉमेट और ज़ेड्स ईवी के बीच का नया मॉडल है, जो किफ़ायती और प्रीमियम दोनों सेग्मेंट के बीच संतुलन बिठाता है ।

बता दें कि इस क़ीमत में 3.5 रुपए/किलोमीटर की दर से बैटरी का किराया अतिरिक्त देय है ।

बुकिंग्स की तारीख़ का भी खुलासा कर दिया गया है, जिसे 3 अक्टूबर को बुक किया जा सकता है और इसकी डिलिवरी दशहरा यानी 12 अक्टूबर से शुरू की जाएगी ।

**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

**-: अल्प कालिन निविदा :-**

एन.आई.टी. क्रमांक / 40 / जि.नि.स. / 2024-25 कांकेर, दिनांक 05.09.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 20/09 / 2024 ( सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 26/09/2024 ( सायं 05:00 बजे तक )
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 30 /09 / 2024 ( प्रातः 11:00 बजे से )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 07/10 /2024 ( सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि -15/10/2024 ( दोपहर 12:30 बजे से )

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 | भुरका नाला आर.डी. 2300 मीटर पर पुलिया निमार्ण कार्य लंबाई 52.00 मीटर | 223.63 | 1,12,000/- | - |

G-242502375/2

कलेक्टर,
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



# कृषक उन्नति योजना

छत्तीसगढ़ में किसानों से

**₹ 3,100**

की दर से प्रति एकड़
21 क्विंटल धान की खरीदी



# समृद्ध किसान
# धान का मिल रहा सर्वाधिक दाम

SAMVAD- 41393/1

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क